तापमान
अधिकतम 39.5 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 9 मई 2025

13 अमलेश्वर में अधोसंरचना मद के तीन करोड़ से सड़क-नाली का होगा निर्माण

13 नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में हुए शामिल







## खबर संक्षेप

### शॉर्ट सर्किट होने से मकान में लगी आग



**भिलाई।** कार्यक्रम के कारण परिजनों बाहर गए हुए है। उनके मकान में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। सूचना पर तुरंत बीएसपी की एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क 9 क्वाटर 14 ए, सेक्टर 7 निवासी हाजी कदीर अहमद खान परिवार के साथ बाहर थे। उनके कमरे में अचानक आग लग गई। धुंआ उठता देख मकान के ऊपर तले में रहने वाले उनके भाई ने आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर दमकल वाहन पहुंचा और आग को बुझाया गया। घटना में बिस्तर समेत मकान के कुछ सामान जल गए है। आगजनी में बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।

### शहर में दो जगहों पर चेनस्नेचिंग की वारदात

**भिलाई।** युवती को चाकू दिखाकर गले में पहनी सोने के चेन को छिनकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 304(1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि क्वाटर नम्बर 8/एफ सडक 54 बालाजी नगर जोन 2 खुर्सीपार निवासी ए मीना होटल संचालिका है। 8 मई को ए मीना अपने घर से होटल जाने के लिए निकली थी। इस दौरान दो युवक सड़क 54 चौक के पास बाइक पर सवार होकर बैठे हुए थे। जैसे ए मीना पहुंची उसे चाकू उडाकर गले का चेन स्नेचिंग कर फरार हो गए। बाइक चलाने वाला युवक काला रंग का टी शर्ट और मुंह मे औरेंज कलर गमछा चेहरे मे बांधा हुआ था। बाइक नंबर 8791 उल्लेख है। वहीं दूसरी घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र का है। जहां बी पद्मावती मॉर्निंग वाक के लिए पैदल घर से निकली थी। इस दौरान वैशाली नगर ईडब्लूएस नंबर 33 के सामने पहुंची ही थी की अज्ञात एक्टिवा में सवार दो युवक अचामक पहुंचे। गले में पहनी सोने का मंगल सूत्र को झपटा मारकर लेकर फरार हो गए। मंगलसूत्र की कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है। ट्विनसिटी में चेनस्नेचिंग की वारदात होने से महिलाएं स्वयं को असुरक्षित समझने लग गई है।

### भिलाई निगम क्षेत्र के एकमात्र अस्पताल सुपेला में पद से कम डॉक्टर, मरीजों को जिला अस्पताल भेजना मजबूरी

# 6 लाख आबादी में सिविल हॉस्पिटल, 360 मरीज हो रहे रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र का सबसे बड़ा सरकारी हॉस्पिटल लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला है। इस हॉस्पिटल पर 6 लाख की आबादी इलाज के लिए निर्भर है। उसके बाद भी यहां डॉक्टरों व स्टॉफ की इतनी कमी है कि हर महीने औसतन 360 मरीजों को जिला अस्पताल या दूसरे सेंटर रेफर करना पड़ रहा। हैरत की बात यह है कि इस हॉस्पिटल को 100 बिस्तर की घोषणा की गई है लेकिन सालों से यहां 80 बिस्तर के हिसाब से सेटअप दिया गया है। सुपेला अस्पताल में नेत्ररोग, दांत और अस्थि रोग विभाग के लिए एक-एक पद स्वीकृत हैं।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



#### पैथालॉजिस्ट के बजाय टैक्नीशियन देते हैं रिपोर्ट

सिविल अस्पताल सुपेला में ब्लड,सिरम, मलेरिया, टाइफाइड आदि की लैब जांच हो रही है लेकिन रिपोर्ट टेक्नीशियन दे रहे हैं। नियम के हिसाब से पैथालॉजिस्ट चिकित्सक जांच रिपोर्ट बनाएंगे और अपने हस्ताक्षर करेंगे। टेक्नीशियन के रिपोर्ट के भरोसे डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

#### तीन मेडिकल आफिसर के पद हैं खाली

सिविल अस्पताल सुपेला में 80 बिस्तर के हिसाब से शासन ने सेटअप स्वीकृत किया है। सेटअप के हिसाब से मेडिकल आफिसर के 12 पद स्वीकृत किए गए हैं। इन स्वीकृत पदों में से 3 डॉक्टर के पद रिक्त हैं। केवल 9 मेडिकल आफिसर कार्यरत हैं। जिनमें 4 पुरूष और 5 महिला चिकित्सक हैं। तीन शिफ्टों में इस अस्पताल का कार्य चलता है। एक डॉक्टर की पोस्टमार्टम में ड्यूटी लगती है। नाईट शिफ्ट करने वाले डॉक्टर को एक दिन अवकाश देना होता है। इस तरह कुल पांच मेडिकल अफसर एक दिन के लिए चाहिए। यानी तीन शिफ्ट के लिए कुल 15 मेडिकल अफसरों की जरूरत है।

### इन सुविधाओं की कमी जिसकी वजह से रेफर हो रहे मरीज

#### शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं

सिविल अस्पताल सुपेला में शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं है। यहां बच्चों की सामान्य बीमारी की जांच व इलाज हो पाता है। जनरल मेडीसीन चिकित्सक यहां आने वाले बच्चों को देख रहे हैं। यानी केवल सर्दी, खांसी, बुखार जैसे बीमारियों का ही इलाज बच्चों का हो रहा है।

#### सोनोग्राफी है बंद

सिविल अस्पताल सुपेला में सोनोग्राफी इन दिनों बंद हैं। ऐसी बात नहीं है कि यहां सोनोग्राफी मशीन नहीं है। मशीन की व्यवस्था करवाई गई है ताकि गर्भवती महिलाओं का नियमित जांच हो सके। इसके अलावा पेट दर्द व अन्य रोगों के मरीजों की सोनोग्राफी होती लेकिन डॉक्टर नहीं हैं और न ही टैक्नीशियन।

#### हर महीने औसतन 2100 मरीज रहते हैं भर्ती

सुपेला अस्पताल में हर दिन औसतन 70 मरीज भर्ती रहते हैं। सीजन में यह संख्या बढ़कर 80 से 90 हो जाती है। हर महीने औसतन 2100 मरीज भर्ती होते हैं। इधर शासन ने 80 बिस्तर की ही सुविधा रखी है। मौजूदास्थिति में बेड से ज्यादा मरीज भर्ती होने आते हैं। मरीजों को जिला अस्पताल भेजना पड़ता है। खासकर गर्भवती महिलाएं डिलीवरी के लिए आती है। महीने में औसतन 1800 महिलाएं डिलीवरी के लिए भर्ती होती है।

#### महीने में 1650 मरीजों की जांच, गायनकोलॉजिस्ट नहीं

सुपेला अस्पताल में हर महीने औसतन 1650 मरीजों की ओपीडी है। यह हॉस्पिटल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र जुड़ा हुआ है। इसलिए सर्वाधिक मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं की होती है। गायनकोलॉजिस्ट नहीं होने की वजह से महिलाओं की कई बीमारियों का इलाज नहीं हो पाता। जिला अस्पताल महिलाओं को भेजा जाता है। मसलन डिसमनोरिया, ओवेरियन सिस्ट, एंड्रोमेट्रियोसिस, पीसीओडी, यूटीआई, जैसी बीमारी के लिए गायनकोलॉजिस्ट जरूरी है।

#### सुपेला अस्पताल में डॉक्टरों की वर्तमान स्थिति

| विभाग | स्वीकृत पद | कार्यरत |
|---|---|---|
| मेडिकल अफसर | 12 | 09 |
| सोनोग्राफी | 0 | 00 |
| शिशु रोग | 01 | 00 |
| पैथालॉजिस्ट | 01 | 00 |
| गायनिक | 01 | 01 |
| आई | 01 | 01 |
| अस्थि | 01 | 01 |

**इन विभाग के मरीजों को भी रेफर कर रहे :** मरीजों ने बताया कि यह हॉस्पिटल राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा है। इसलिए एक्सीडेंट के केसेस यहां ज्यादा आते हैं लेकिन उन्हे इलाज नहीं मिल पाता। इसलिए कि अस्थि रोग के केवल एक ही डॉक्टर हैं। नेत्ररोग चिकित्सक एक होने की वजह से आंखों का आपरेशन टाल दिए जाते हैं। डेंटल में भी यही स्थिति है। सामान्य बच्चों और गर्भवती महिलाओं को छोड़ बाकी को जिला अस्पताल रेफर कर देते हैं।

#### “ डॉक्टरों की मांग की है

सिविल अस्पताल सुपेला को 80 से 100 बिस्तर करने की पहल विधायक रिकेश सेन ने की है। डॉक्टरों की मांग भी की गई है। सुविधाएं और सेटअप भी बढ़ना है। उसके बाद समस्या नहीं रहेगी।

-डॉ. पियम सिंह, प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला

### शिवनाथ एक्सप्रेस से 4 अप्रैल को उड़ाया था महिला का पर्स, ओडिशा से गिरफ्तार

# फर्जी आईडी से कराते थे एसी-2 में रिजर्वेशन मौका देखकर करते थे उठाईगीरी, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे पुलिस ने यात्री ट्रेनों में उठाईगिरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में पुलिस ने ट्रैफिक गेट होटल राधिका गली थाना प्लांट साइट राउरकेला सुन्दरगढ़ ओडिशा निवासी संतोष साव उर्फ अफरीदी, कुरैशी मोहल्ला नाला रोड थाना प्लांट साइड राउरकेला निवासी अब्दुल मन्नान को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी किए हीरे के नेकलेस को 11 लाख रुपए में कलकत्ता में बेच दिया था। मिली रकम को अपने भाई के बैंक खाते में 3.46 लाख और दोस्त के खातों में 2.45 लाख, स्वयं के पास 4.96 लाख रुपए जमा करा लिया। आरोपियों के पास से 20 हजार रुपए नगद जब्त किया गया। अब्दुल मनान के पास से फर्जी आधार कार्ड सुरेश मिश्रा के नाम से जब्त हुआ। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

पुलिस ने बताया कि शिवनाथ एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला से 65 लाख रुपए के जेवरात और नगद की चोरी की गई थी। घटना 4 अप्रैल की है। जीआरपी ने आरोपियों के खिलाफ धारा 305 सी बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर जांच की जा रही थी। जीआरपी प्रभारी आरके बोर्झा ने बताया कि गोंदिया महाराष्ट्र निवासी हीना पटेल अपने पति दिनेश पटेल के साथ गोंदिया से रायपुर तक शिवनाथ एक्सप्रेस 18240 के कोच एचए -1 ए-2 सीट नंबर 21 में सफर कर रही थीं। राजनांदगांव से दुर्ग के बीच मे पीड़िता का लेडीस पर्स गायब हो गया। पर्स में हीरे के जेवरात, मोबाइल सहित नगदी 45 हजार रुपए थे, जिसकी कुल कीमत 65 लाख आकी गई। पुलिस में



शिकायत के बाद आरोपियों की तलाश शुरू हुई। सीसी कैमरा के फुटेज व स्टेशनों के आसपास के होटलों की सघन जांच की गई। पता चला कि महासमुन्द बरगढ़ होकर राउरकेला में संदेही हैं। पुलिस ने तुंरत टीम को भेजकर आरोपियों की जानकारी जुटाई। इसमें पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में प्रभारी सायबर सेल बीएन मिश्रा, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह, आरक्षक विष्णु सुमन, राकेश ध्रुवे, प्रकाश साय पैकरा समेत पुलिस कर्मियों का योगदान रहा।

#### कलकत्ता में हीरे को 11 लाख में बेचा

पूछताछ में जीआरपी को आरोपियों ने बताया कि एसी कोच में फर्जी नाम, मोबाइल नम्बर पर ट्रेनों के एसी 2 टीयर में कोच में रिजर्वेशन कराकर यात्रा करते हैं। मौका देखकर यात्रियों का ट्राली बैग, लेडिस पर्स चोरी कर लेते हैं। चोरी की घटना की अंजाम के बाद चोरी के सामान को अपने थैले में रख लेते हैं। मोबाइल, पर्स को ट्रेन के बाहर फेंक देते हैं। एसी 2 टायर में पर्दा लगे होने से चोरी की घटना को घटित करने में सुविधा होती है। आरोपियों ने होरी के नेकलेस और अन्य जेवरात को 11 लाख रुपए में कलकत्ता में बेच दिया था।




# शादी में शामिल होने आए बालक की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


शादी में शामिल होने आए एक सात वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। उतई पुलिस ने बताया कि शीतला तालाब में पतोरा निवासी मानस साहू नामक बालक नहाने गया हुआ था। अचानक नहाते नहाते तालाब के गहरे पानी में चल गया। जिससे तालाब में डूब गया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई उसे बचाने के लिए चिल्लाते रहे लेकिन तब तब बालक तालाब में डूब चुका था। आसपास के लोग शीतला तालाब में दौड़कर उसे बाहर निकाला गया। तब तक मानस की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बचाने के प्रयास में बालक को अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मानस की मौत से पूरा परिवार सदमें में है। मौत से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने उतई नगर पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इसको लेकर नगर पंचायत कार्यालय का घेराव कर दिया। नगर पंचायत के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि कई बार पंचायत को तालाब की गहराई को लेकर आवेदन दिया गया था। लेकिन अवैध मुरूम खनन के चलते तालाब काफी गहरा हो गया था, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ है। नगर पंचायत से बालक के परिजनों को दस हजार रुपए का आर्थिक सहायता दी गई।




देश का वीर जवान हूँ मैं।
एक माँ से दूर हूँ तो एक मां के पास हूँ मैं।
हर देशवासी की सुरक्षित रहने की आस हूँ मैं।
भारत माँ के चरणों में शीश नवाता एक दास हूँ मैं।
जय हिन्द जय भारत
Muzaffarabad
LOC
Kotli
Gulpur
Bhimber
Sialkot
Chak Amru
Muridke
PAKISTAN
INDIA
Bahawalpur
OPERATION
SINDOOR
9 TERROR SITES
TARGETED BY INDIA


Get Your Passport in 2-3 Days Only...
C.G. No. 1 in Passport
SHRIKANT JAIN
98271 16933, 94791 74525
PASSPORT, VISA, AIR TICKET,
HOLIDAYS & INSURANCE
(LIFE MEDICLAIM & MOTOR VEHICLES)
Modicare
Save & Earn 30% to 50%
न किसी को कुछ समझाना, न किसी को कुछ बेचना...
सिर्फ और सिर्फ अपनी शॉप दुकान बदले और पाये
30% से 50% तक बचत का लाभ
आपकी रोज की जरूरत का लगभग हर सामान...
Modicare DP Smriti Nagar, Bhilai
Plot - 1, Street - 20, Smriti Nagar, Bhilai


OPERATION
SINDOOR
न्याय हुआ.... जय हिन्द !
हमें गर्व है
भारतीय सेना पर...
•अग्रसेन जन कल्याण समिति •अग्रसेन महिला जन कल्याण समिति
•अग्रवाल युवा-युवती मंच •अग्रवाल युथ क्लब
अग्रवाल समाज भिलाई
अग्रसेन भवन, सेक्टर 6 भिलाई नगर 490006, पंजीयन क्रमांक-1941



OPERATION
SINDOOR
"ऑपरेशन सिंदूर" की
सफलता के लिए देश के वीर सपूतों,
विंग कमांडरो एवं देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
जय हिन्द
जय भारत
के.के. झा
अध्यक्ष - MSME जिला उद्योग संघ दुर्ग
महासचिव - छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ


OPERATION
SINDOOR
सरहद पर टिकी है जिसकी नजर
पल-पल रखते दुश्मन देश की खबर
भारत माँ के इन लाडलो को
ना लगे किसी की नजर
जय हिन्द, जय भारत की सेना
वंश बहादुर सिंह, महासचिव
स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक
भिलाई


हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं
जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।
तस्मादुत्तिष्ठ भारत:
युद्धाय कृतनिश्चय:॥
हमें गर्व है
भारतीय सेना पर...
राजीव चौबे
अध्यक्ष
स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मार्यादित समृति नगर


OPERATION
SINDOOR
नियंत्रण रेखा के पार
पाकिस्तान पर हमला
करने के लिए भारतीय
वायु सेना को
बधाई
ज्वेलर्स
पारख
ब्रदर्स एण्ड कं.
Piyush Parakh
President - Akashganga
Sarafa Association
Bhilai
110, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई


OPERATION
SINDOOR
इरादे फौलादी है, जज्बे इंकलाबी है,
दुश्मन थर-थर कांपे जिनसे
वे भारत के वीर सिपाही है
जय हिन्द,
जय भारत
ज्ञान प्रकाश दांडेकर
(बी.ई,एल.एल. बी )
अधिवक्ता-सुप्रीम कोर्ट
SCBA No: D-00201/OS
मो.: 98271-93884


पहलगाम के अश्कों का,
हमने सिंदूर बनाया,
वीरों ने रणभूमि में,
आतंक को धूल चटाया।
OPERATION
SINDOOR
सिंदूर बन गया अब क्रोध,
जो चुकता ऋण कर देगा,
पाकिस्तान की हर चाल को,
भारत ध्वस्त कर देगा...
जय हिन्द, जय भारत
डॉ. जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता
अध्यक्ष, उद्योग चेम्बर भिलाई
छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स, भिलाई

## खबर संक्षेप



### वैष्णवी को बधाई देने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर गुरुवार को नगपुरा आत्मानंद स्कूल के कक्षा 10वीं में अध्ययनरत वैष्णवी देवांगन को प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने पर बधाई देने उनके निवास पहुचें। ज्ञात हो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10वी का परिणाम में वैष्णवी देवांगन ने प्रावीण्य सूची में 98.3% अंकों के साथ छठवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वैष्णवी देवांगन पिता गोपाल देवांगन दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत है। टॉपर वैष्णवी देवांगन से कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मुलाकात कर उन्हें एवं उनके परिवार, गुरूजी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रिवेन्द्र यादव, नंद कुमार सेन, भरत साहू, आनंद कपूर ताम्रकार, मोहित वालदे, सौरभ ताम्रकार उपस्थित थे। वैष्णवी देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा है, और आगे चल कर डॉक्टर बनना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महती शिक्षा योजना, आत्मानंद स्कूलों के बच्चों ने 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इतिहास रचा है। टॉप-10 की सूची में हाईस्कूल में 85 में से 32 जबकि हायर सेकण्डरी में 19 में से 6 बच्चे स्वामी आत्मानंद स्कूल से हैं। ठाकुर ने कहा कि सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

### नूतन ने राज्य में टॉप 10 में बनाई जगह



**सेलूद।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड छत्तीसगढ़ कक्षा दसवीं का परिणाम जारी हुआ। जिसमें दुर्ग जिला व पाटन ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद हिन्दी स्कूल पाहंदा (अ) के नूतन वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में नवमें स्थान पर टाप कर जिला, ब्लाक, गांव व स्कूल का नाम रोशन किया है। नूतन वर्मा ने अपने माता-पिता के सपनों को साकार किया। नूतन पूर्व सरपंच व किराना व्यवसायी भारती पवन वर्मा की पुत्री हैं। नूतन वर्मा की इस उपलब्धि पर गुरुवार को जनपद पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने नूतन वर्मा के घर जाकर बधाई दी है साथ ही उत्तर मंडल के पूर्व अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीकाराम साहू व सेवा सहकारी समिति झीट के अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशिक, प्रबंधन समिति के सदस्य भारत लाल साहू, चेतन लाल देवांगन, सासंद प्रतिनिधि डॉ. कुलेश्वर निमर्लकर, प्राथमिक शाला सासंद प्रतिनिधि डॉ. विश्वकर्मा पाल, होरीलाल यादव, बिसरूराम कुर्रे, कृष्ण साहू, मेघनाथ साहू, उत्तम साहू आदि ने बधाई दी है।

## निधन

### अशोक कुमार चटर्जी

**भिलाई।** 1/सी, सड़क- 11, सेक्टर- 4, भिलाई निवासी पूर्व बीएसपी कर्मी अशोक कुमार चटर्जी का निधन 8 मई को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकली। वे सुचिता चटर्जी के पति व अपराजिता, अविषा के पिता और बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के ससुर थे।



### मरियम्मा थॉमस

**भिलाई।** एमआईजी-1/500 हुडको निवासी मरियम्मा थॉमस का निधन 7 मई को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 10 मई को निवास स्थान से सुबह 10 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरू नगर के लिए निकलेगी। वे पीएम थॉमस की पत्नी एवं सीजू थॉमस, शिबू थॉमस, सीबी थॉमस की मां थीं।



## सुशासन तिहार में मिले आवेदनों की समीक्षा के बाद लिया गया निर्णय

# अमलेश्वर में अधोसंरचना मद के तीन करोड़ से सड़क-नाली का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के दिशा निर्देश अनुरूप नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में आयोजित 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत कुल 253 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में 46 शिकायत एवं 207 मांग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुई है। नगर पालिका कार्यालय में इन आवेदनों की समीक्षा कर अधोसंरचना मद से मांग के अनुरूप विकास कार्य कराने का निर्णय लिया गया।

निकाय द्वारा प्राप्त सभी 46 शिकायत एवं 201 आवेदनों का निराकरण कलेक्टर दुर्ग के निर्देश एवं एसडीएम पाटन लवकुश ध्रुव के दिशा-निर्देश पर जनमानस तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचने के लिए 3 मई 2025 को कार्यालय जनपद पंचायत में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा की गई। सांसद दुर्ग विजय बघेल की पहल पर अधोसंरचना मद में स्वीकृत तीन करोड़ के विकास कार्यों का लाभ जनता को शीघ्र लाभ प्राप्त होगा। सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन में शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए नगर पालिका अमलेश्वर द्वारा नव गठित निकाय होने के कारण विभिन्न समग्र विकास की योजनाएं बनायी जा रही है।

इसी कड़ी में सुशासन तिहार कार्यक्रम के तृतीय चरण अंतर्गत प्रथम समाधान शिविर का आयोजन कार्यालय नगर पालिका में 7 मई को आयोजित किया गया। जिसमें आम जनमानस ने उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। समाधान शिविर में नगर पालिका द्वारा निराकरण के संबंध में आवेदकों को जानकारी दी गई। नगर पालिका अमलेश्वर के अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पालिका के अधिकारी कर्मचारियों सहित इसमें सहभागिता देने वाले आम जनता को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। सोनकर ने कहा कि हम कदम से कदम मिलाकर अमलेश्वर में विकास की नई गाथा लिखेंगे। मुलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर देते हुए शीघ्र ही विकास कार्यों की नई योजनाएं बनाकर नगर का विकास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीति गुप्ता सहित पार्षद डॉ. आलोक पाल, राजू सोनकर, सोहन निषाद, घनश्याम प्रसाद साहू, रामेश्वरी ठाकुर, खुबीराम सोनकर एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**नगर पालिका ने निराकरण के संबंध में आवेदकों को दी जानकारी**



## नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशन में दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन भिलाई के सूर्या मॉल, केंद्रीय विद्यालय सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर किया गया, जिसमें माय भारत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

जिला युवा अधिकारी नितीन शर्मा ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच युध्द की स्थिति को देखते हुए भारत सरकार ने 7 मई को देश के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कराने का एलान किया था। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश भर के 244 जिलों को चिह्नित कर बड़े पैमाने पर सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के आयोजन का निर्देश दिया गया था जिसमें छग राज्य से दुर्ग जिला का भी चयन किया गया था।

■ विभिन्न युवा मंडलों के स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान दिया

नितिन शर्मा ने बताया सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल एक नियोजित अभ्यास है, जिसका उद्देश्य नागरिकों, प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं को युद्ध, प्राकृतिक आपदा या अन्य आपात स्थितियों जैसे हवाई हमले, आतंकी हमले या रासायनिक हमले के लिए तैयार करना है। भारत में हुई यह मॉक ड्रिल युद्ध जैसी परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करने के लिए आयोजित की जा रही है। यह 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद पहला इतना बड़ा सिविल डिफेंस अभ्यास था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है।



युवा सामाजिक कार्यकर्ता आदित्य भारद्वाज ने बताया सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का मुख्य लक्ष्य नागरिकों को आपात स्थिति में व्यवस्थित और त्वरित प्रतिक्रिया देना सिखाना है। इसमें हवाई हमले की चेतावनी सायरन, ब्लैकआउट, निकासी, प्राथमिक चिकित्सा और बंकरों में शरण लेने जैसे अभ्यास शामिल होते हैं। यह ड्रिल प्रशासन, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, होम गार्ड, अग्निशमन सेवाओं और पुलिस के बीच समन्वय को भी बेहतर बनाती है। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक होना बहुत जरूरी है इसके लिए नेहरू युवा केन्द्र अपने सम्बंधित युवा मण्डलों के माध्यम से लगातार प्रयास करेगी।

दुर्ग जिले के विभिन्न चिन्हित स्थलों पर हुए मॉक ड्रिल में नेहरू युवा केन्द्र के मास्टर ट्रेनर एवं ग्राम कातरो सरपंच जितेंद्र सोनी, आदित्य भारद्वाज, आशीष मलिक, आकांक्षा, मृदुल निर्मल, सुशील एवं केंद्र से संबद्ध संघर्ष युवा संगठन, शौर्य युवा संगठन, कर्मवीर युवा संगठन सहित विभिन्न युवा मंडलों के स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान दिया।

## महादेव सट्टा से लेना देना नहीं छवि धूमिल करने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महादेव सट्टा में नाम सामने आने पर धर्मेंद्र जायसवाल ने बुधवार को मीडिया के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सट्टे से उनका कोई लेना देना नहीं है। उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही। छवि धूमिल की गई है। इसके कारण कारोबार व समाज पर बुरा असर पड़ा है। कैलाश नगर निवासी धर्मेन्द्र जायसवाल ने बताया कि मेरे जन्मदिन पर शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। फोटो को सोशल मीडिया में वायरल किया गया। सट्टे को लेकर गलत आरोप लगाया गया है। उन्होंने इसकी जांच के लिए आईजी, एसपी से लिखित शिकायत की है। जामुल थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 140/22 में सट्टे को लेकर एक मामला दर्ज है, उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। एक गुनाम पत्र भी भी षडयंत्र कर भेजा गया था। साजिश के तहत पुलिस अधिकारियों के ऊपर भी आधारहीन आरोप लगाए गए। उन्होंने कहा कि हमनाम धर्मेन्द्र जायसवाल का नाम जिस आरोपी के द्वारा लिया गया है। उसे वे न पहचानते हैं, न जानते हैं।



■ मीडिया के सामने रखा अपना पक्ष, पुलिस करे जांच

### कान्फ्लुएंस कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में चयनित नवप्रवेशित छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी एवं स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें सभी बी.एड प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत अभिनंदन बी.एड अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया। प्राचार्य ने बताया कि प्रतिवर्ष महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय में किया जाता है। जिसमें छात्रों द्वारा खेल प्रतियोगिता आदि गतिविधियों जैसे कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

### 13 से आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम

**राजनांदगांव।** पूज्य श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की राजनंदगांव शाखा द्वारा 13 से 18 मई तक हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 6 से 9 एवं शाम 4 से 7 बजे तक पुष्पांजलि पैलेस रॉयल किड्स स्कूल के पास लालबाग राजनांदगांव में रखा गया है।

शिविर में मुख्य रूप से योग ध्यान प्राणायाम के साथ सारी दुनिया में करोड़ों लोगों को तनाव मुक्त करने वाली विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी। शिविर में रायपुर से आर्ट ऑफ लिविंग की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षिका डॉ. सरिता वाजपेयी अपनी सेवाएं देंगी। डॉ. सरिता वाजपेयी विगत बीस वर्षों से आर्ट ऑफ लिविंग के कोर्स ले रही है। उक्त जानकारी अंब्रिक मोटलानी ने दी।

## बिजनेस साइट

### नीट परीक्षा पर प्रदेश से 43000 परीक्षार्थी हुए शामिल

**भिलाई।** नीट की परीक्षा 4 मई को सम्पन्न हो गई। पूरे देश में लगभग 23 लाख, छत्तीसगढ़ में 43000 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए। नीट के पेपर ने छात्र-छात्राओं को रूला दिया। फिजिक्स का पेपर कठिन, केमेस्ट्री का थोड़ा उच्च स्तर का बायोलाजी का ज्यादा लेंग्दी था। कट ऑफ पिछले साल से कम जाएगा। कितना कम जाएगा इस संबंध में कोचिंग वाले, विषय शिक्षक, अपने तरीके से अनुमान लगा रहे हैं। वास्तविक कट ऑफ काऊंसलिंग के बाद ही पता चल पाएगा। लगता है नीट वाले पिछले साल का गुस्सा इस वर्ष के पेपर से निकाला है। पिछले वर्ष 67 छात्रों का 720 में 720 अंक आया था, इस वर्ष शायद ही किसी का 720 अंक आएगा। पूरे देश में नीट की 118190 एवं छग में 2115 सीटें जिनमें 1465 सीटें शासकीय मेडिकल पाइंट भिलाई एवं 650 सीटें प्रायवेट है। अनुभवी नीट एक्सपर्ट जीडी गवेल के नीट में 153 प्रश्न पीसीबी 33+40+80 आये। उनके अनुसार कटअप सामान्य वर्ग 540-550 पिछला वर्ष 530-540, एससी 440-450 एवं एसटी 320-330 अंक तक पाने वालों का शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिल जायेगा। छात्र-छात्राएं हताश न होंवे प्रयास जारी रखे। अनुभवी मार्गदर्शक के मार्गदर्शन में तैयारी करें सफलता आज नहीं तो कल जरूर मिलेगी। ये मानकर चलें, जैसा पेवर आया है वैसा हमने तैयारी नहीं की, नही तैयारी करवाया गया। पालकगण आगे अब क्या करें। अपने पुत्र-पुत्री के भविष्य के संबंध में प्रदेश के नीट में सबसे अधिक अनुभवी जीडी गवेल परामर्श ले सकते हैं।



HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## ग्रामीण एवं शहर की खबरें

### परीक्षा में नंबर कम मिलने पर नर्वस होने की बजाय पढ़ाई में सजगता बढ़ानी चाहिए



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की विद्यार्थियों ने हाईस्कूल परीक्षा 2025 में प्रतिभाशाली अंक प्राप्त कर विद्यालय माता-पिता का गौरव बढ़ाते हुए होनहार भविष्य का आभास जन मानस को कराया है। विद्यालय से जारी टॉप फाइव सूची में छात्रा झील पिता मुरलीधर चंद्राकर औरी ने 94.3 प्रतिशत, माधवी पिता राजेंद्र मार्कण्डेय भंसुली ने 90. 5 प्रतिशत, विनय पिता चुमेंद्र साहू भरर ने 87. 83 प्रतिशत , विभा पिता गणेश दास जामगांव आर ने 85 .66 एवं साधना पिता युगलकिशोर कुम्हली ने 80.5 प्रतिशत प्रतिभाशाली अंक प्राप्त किया। प्राचार्य पीएल बारले ने विद्यार्थियों को बधाई दिए। वहीं झील चंद्राकर ने कहा कि मेरिट में आने के लिए मेहनत में कुछ चुक रह गई होगी।

### वैशाली नगर विधायक ने निकाली तिरंगा यात्रा गगनचुंबी नारों से ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत



**भिलाई।** पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों में किए गए हमले के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। इस बीच वैशाली नगर क्षेत्र में तिरंगा रैली निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का स्वागत किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है, जिस प्रकार से हमारी माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों ने किया था। रात एक बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों को पाकिस्तान में घुसकर मारा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आज हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व का दिन है। कोई भी ऐसा आतंकी हमला करने की कोशिश करेगा, उसे मुंहतोड़ जवाब देने का यह उदाहरण है। तिरंगा यात्रा देशभक्ति धुन पर शांति नगर, नेहरू नगर, जुनवानी, कोहका, सुपेला, पावर हाऊस, छावनी होते हुए वैशाली नगर पहुंची। इस दौरान जगह जगह आतिशबाजी कर सशस्त्र बल के जवानों और भारतीय सेना पर गर्व जताते हुए देश भक्ति नारे भी लगे। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

### डोम शेड के लिए किया भूमिपूजन



**भिलाई।** वार्ड नंबर 34 वीर शिवाजी नगर निषाद सेवा समिति के पास दुर्गा पूजा समिति द्वारा डोम शेड की मांग की गई थी। जिसका भूमिपूजन गुरुवार को किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड 33 पार्षद शैलजा राजू, छावनी पार्षद गिरिजा बंछोर, कैंप महिला मंडल उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, प्रभावती सिंह, बोलबम गुप्ता, केमपेश्वर बैजनाथ, अध्यक्ष धनराजू, पवन मांझी, सुनील कुमार, गणेश उन्नतकर, बृजेश चौधरी, सुरेश सिंह, राजू गुप्ता, गणेश एवं समस्त मोहल्लेवासी शामिल हुए। वहीं जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह का आभार व्यक्त किया।



दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
मो.: 8109922001
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/- मात्र
भक्तगण उच्चाटन, आर्कषण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है
माँ कामाख्या बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया हाता है।
विगत चालीस वर्षो से स्थाई तौर पर उपस्थित ज्योतिष शास्त्र संबंधित कम्प्युटर द्वारा जन्मकुण्डली, देखते एवं बनाते है। ग्रहो की महादशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधित, कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा, पिशाच दोष, ग्रहण दोष, अकाल मृत्यु, दुर्घटना, गृह निवास में अनेक प्रकार के बाधायें हेतु समाधान किया जाता है।
समय-सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक
पता - श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग





दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
श्रीमती वैदेही शर्मा
अभिषेक शर्मा
माँ कामाध्या देवी उपासक
मो.: 93439 07851, 9039885600
फीस 251/- मात्र
ज्योतिष शास्त्र द्वारा जन्म कुण्डली के आधार पर समस्त जन्मकुण्डली दोष का समाधान हेतु संपर्क करें :-
पता - माँ कामाख्या ज्योतिष कार्यालय
धमधा रोड, मिलन मैरिज पैलेस के बाजू में दुर्ग (छ.ग.)
समय-सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक

## खबर संक्षेप

### दुकान में बलात प्रवेश कर लगाई आग, 3 साल की कैद

**भिलाई।** भिलाई-तीन थाना अंतर्गत ग्राम उमदा में दुकान में बलात प्रवेश कर आग लगाने के मामले में आरोपी को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई। साथ ही 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी के न्यायालय से यह आदेश जारी हुआ। प्रकरण के मुताबिक घटना 29 मई 2022 की रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थी कमलेश देवांगन की घटना स्थल पर बिजली वायरिंग और हार्डवेयर की दुकान थी। रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। इस बीच आरोपी राजू उर्फ जयलाल सेन (30 वर्ष) ने उसकी दुकान में आग लगा दी। आग से तीन कमरों में रखे सामान जलकर खाक हो गई। पुलिस ने धारा 456 और 436 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायाललय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया। आरोपी को धारा 456 में 3 साल और 5 हजार रुपए, धारा 436 में 3 साल और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया। साथ ही प्रतिकर के रूप में प्रार्थी कमलेश देवांगन को 10 हजार रुपए स्वीकृत किए।

### तीन युवकों से 2 किलो से ज्यादा गांजा जब्त



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलगांव थाना क्षेत्र से रूआबांधा निवासी सागर कण्डरा उर्फ मंग्गा के पास से गांजा रखकर बेचने के लिए घूम रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। आरोपी के पास से 1.60 कि ग्राम बेचने की राशि 5500 रुपए और मोबाइल जब्त किया गया। विवेचना और पूछताछ करने पर सेक्टर 9 अस्पताल सेक्टर निवासी लिंगराज महानंद के पास से 530 ग्राम गांजा नगदी 3 हजार रुपए, मोबाइल और तितुरडीह दुर्ग निवासी अंकुश नायक के पास से 520 ग्राम गांजा नगदी 3 हजार 500 रुपए, मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों से कुल 2.110 किलो ग्राम गांजा व नगदी रकम कुल 44 हजार रुपए, तीन मोबाइल बरामद हुआ।

### चित्रकला में अखिलेश स्वर्ण पदक से सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई के वरिष्ठ चित्रकार अखिलेश कश्यप को मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजा मानसिंह तोमर कला और संगीत विश्विद्यालय के



ललित कला संकाय में स्नातकोत्तर की प्रावीण्य सूची में अखिलेश कश्यप को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चित्रकार वासंती जोशी स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। अखिलेश शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में चित्रकला शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें स्वर्ण पदक राजा मानसिंह तोमल कला और संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर के राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में राज्यपाल ने स्वर्ण पदक 122 और शोध उपाधियों से 33 शिष्यो का सम्मान किया।

### मांस बिक्री रहेगी 12 को बंद

**भिलाई।** बुद्व पूर्णिमा 12 मई सोमवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो अर्थदण्ड लगाते हुए जप्ती की कार्यवाही जावेगी।

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश की उन्नति में सहायक, रुकेगी पैसों की बर्बादी

## वैशालीनगर कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी का आयोजन इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव आम आदमी एवं राष्ट्र के लिए सहायक सिद्ध होगा। बार-बार चुनाव करने से देश का काफी पैसा एवं समय बर्बाद होता है। इसी प्रकार आदर्श आचार संहिता बार-बार लागू होने से विकास कार्यों की निरन्तरता में बाधा आती है। एक साथ चुनाव कराने से यह बाधा रूक जायेगी। एक राज्य एक चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में सहायक होगा। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि यह भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए दीर्घकालिक समाधान हो सकता है। भारत में हर साल किसी न किसी राज्य में चुनाव होते हैं। इससे न केवल सरकारी खर्च बढ़ता है, बल्कि सुरक्षा, प्रशासन और संसाधनों पर भी बोझ पड़ता है। एक साथ चुनाव कराने से चुनावी खर्च में भारी कटौती की जा सकती है और इन संसाधनों को देश के विकास में लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रभुनाथ मिश्रा, शंकरलाल देवांगन, वीरेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, बिजेंद्र सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य अलका मेश्राम, कैलाश शर्मा, सुरेश ठाकुर, अमृतेश शुक्ला, भूमिराज पटेल, महेश अलेंद्र, डॉ चांदनी मरकाम आदि मौजूद थे।





### देश के लिए सबसे गंभीर और विचारणीय विषय

मुख्य वक्ता डॉ. जयराम अय्यर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हमारे देश के लिए बहुत विचारणीय विषय है। यह विचार पहली बार आजादी के बाद के शुरुआती वर्षों में लागू था। जब 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। लेकिन बाद में राज्यों के पुनर्गठन और विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण यह व्यवस्था टूट गई। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बड़े विजन को लेकर बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भी अपनी बात रखी।

## लापरवाही : गुमटियों की जांच के लिए बनाई गई थी टीम, अब तक पता नहीं

# गुमटियों में लटक रहे ताले, सड़क किनारे सज रही हैं अवैध दुकानें

## बेरोजगार लगा रहे निगम का चक्कर और दुकानों में रसूखदारों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा गुमटियां आबंटन में जमकर लापरवाही की गई हैं। जरूरतमंदो बेरोजगारों को नजरअंदाज कर बांटे गए कई गुमटियों का आज भी ताला नही खुला है। हालात यह है कि, शहर में सडक किनारे फूटपात पर जरूरतमंद दुकान लगाने मजबूर हो गए हैं और यहां रसूखदारों ने गुमटियों में ताला जड दिया है। नगरनिगम द्वारा राजेन्द्र पार्क के पास चौपाटी में दुकान लगाने वाले फूटकर दुकानदारों के लिए गुमटियां बनाई गई थी। यहां दो दर्जन गुमटियां तो तैयार है। लेकिन नगरनिगम ने आज तक इन गुमटियों का आबंटन नही किया गया है। इसके आलावा रविशंकर स्टेडियम के सामने भी पचास से अधिक गुमटियां बनाई गई है। इन गुमटियों का आबंटन तो हो गया है। लेकिन आज भी कई दुकानों में यहां ताला लगा हुआ है। पूर्व में सामान्य सभा की बैठक में अब तक आबंटित गुमटियों की जांच के लिए टीम भी बनाई गई थी। लेकिन टीम ने आबंटन की प्रक्रिया की जाचं को लेकर अब तक रिपोर्ट ही नही सौंपी है।



रविशंकर स्टेडियम के सामने आवंटित दुकान।



राजेंद्र पार्क चौपाटी के सामने दुकानों का नहीं किया गया आवंटन।

### फुटपाथ में नहीं रही दुकानें

शहर में लाखों रूपए खर्च कर नगरनिगम द्वारा गुमटियां बनाई गई है। प्रत्येक गुमटी के लिए एक लाख रूपए खर्च किए गए है। राजेन्द्र पार्क चौपाटी और स्टेडियम के सामने ही साठ से अधिक गुमटियां बनाई गई हैं। वर्तमान में इंदिरा मार्केट के आलावा शनिचरी बाजार, चंडी मंदिर के सामने, नवापारा रोड, गया नगर, रेल्वे स्टेशन रोड में सडक किनारे दुकाने लग रही है। जबकि तैयार गुमटियों में ताला लगा हैं।

### जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

गुमटियों को तैयार करने से लेकर इसके आबंटन की प्रक्रिया में सवाल उठते रहे है। कई बार सामान्य सभा में भी विपक्षीय भाजपा के पार्षदों द्वारा अपात्रों को दुकान आबंटन किए जाने का सवाल भी उठाया था। यहां तक स्पैरों कंपनी को भी दुकान आबंटित किए जाने का आरोप था। निगम ने इस मामले में जांच के लिए कमेटी बनाई थी। जिसमें उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित बाजार विभाग के अधिकारी और कुछ इंनीनियर शामिल थे। लेकिन आज तक जांच रिपोर्ट सामने नही आ पाई है।

### शहर के इन इलाकों में गुमटियां

नगरनिगम के रिकार्ड में डेढ सौ से अधिक गुमटियां आबंटित है। जिसमें आईएम चौक 11, लुचकी तालाब चौक 5, मालवीय नगर आरटीओ के सामने 15, तहसील आफिस के सामने 30, एलआईसी आफिस के सामने 26, बाफना मंगलम 4, उतई चौक टैंपो स्टैंड गांधी चौक 53, टप्पा तालाब नयापारा रोड 6, नया बस स्टैंड 1 और धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर में एक शामिल हैं, इस तरह कुल 156 गुमटियां निगम के रिकार्ड में आबंटित होना बताया जा रहा है। जबकि इसमें राजेन्द्र पार्क और स्टेडियम के सामने की दुकानों का कोई रिकार्ड नही हैं। ऐसे में सवाल उठता हैं कि, क्या यहां की गुमटियां नियम के तहत आबंटित किए गए है या नहीं।

### कई वार्ड में गुमटियां हो गईं कबाड़

लाखों रूपए के गुमटियां नगरनिगम द्वारा बांटे गए है। हरिभूमि ने नयापारा रोड में गुमटियों की स्थिति देखी तो यहां कई गुमटियों में जहां आसामाजिक तत्वों का ढेरा पाया गया, वही यहां के गुमटियां कबाड होकर टूट चुकी है। इस तरह निगम ने ऐसे जगह गुमटियों का आबंटन किया हैं, जहां इसका औचित्य ही नहीं हैं।

**हैंडओव्हर नहीं**

नगरनिगम के पीडब्ल्यूडी विभाग से गुमटियां बनाई गई है। हमें इसे हैंडओव्हर नही किया गया है। पूर्व में जांच टीम कांग्रेस सत्ता द्वारा बनाई गई थी। जांच रिपोर्ट की जानकारी लेता हूं।

-शेखर चंद्राकर, प्रभारी बाजार विभाग

# न्यायालय परिसर में लगेंगे 12 नए एसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा के अधिवक्ताओं से आज दुर्ग कोर्ट पहुंच कर वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में उनसे चर्चा कर समर्थन मांगा।

दुर्ग जिला न्यायालय पहुंचे श्री सेन ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से विकास कार्यों पर विपरित असर होता है। विकास कार्य रुक जाते हैं। देश पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। विकास में लगने वाली रकम चुनाव में खर्च होती है। पूरा प्रशासनिक तंत्र चुनाव में व्यस्त हो जाता है। देश के विकास के लिए वन नेशन वन इलेक्शन बहुत जरूरी है। जिला न्यायालय पहुंचने पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नीता जैन, महासचिव रविशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और अधिवक्ता राजकुमार तिवारी, हरेंद्र उमरे, राकेश दुबे, ओमप्रकाश शर्मा ने विधायक सेन को बताया कि, भीषण गर्मी के चलते कोर्ट पहुंचने वाले लोग और वकील परेशान हैं। अगर यहां 15 एयर कंडीशनर की व्यवस्था हो जाती तो राहत मिलेगी। इस दौरान विधायक निधि से अधिवक्ताओं ने एसी की मांग की। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि, अगर निधि से एसी में देना चाहूंगा तो उसकी प्रक्रिया होने में 2 से 3 महीने लगेंगे तब तक बरसात आ जाएगी। चूंकि प्रकरण तत्काल पहल का है इसलिए

- **आरोग्यम अस्पताल में इलाज के लिए 40 प्रतिशत की छूट की रखी मांग**

विधायक ने कुछ संस्थाओं और समाजसेवियों से फोन पर बात कर जनसहयोग मांगा।

जिसके परिणाम स्वरूप एक घंटे के भीतर न्यायालय परिसर में कुल 12 एयर कंडीशनर पहुंच गए हैं। श्री सेन ने तत्काल इनके इंस्टालेशन की जवाबदारी अधिवक्ता संघ को दी। श्री सेन के इस फौरी एक्शन पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार व्यक्त कर वन नेशन वन इलेक्शन को अपना पूर्ण सहयोग दिया है।

# ट्रैफिक पुलिस ने 4 माह में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर नौ मरीजों को पहुंचाया अस्पताल



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने चार माह में नौ मरीजों को ग्रीन कोरिडोर बनाकर अस्पताल पहुंचाया है। जिससे उनका उचित उपचार हो सके और उनसकी जान बचाई जा सके। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि मरीज उपचार के दौरान स्वास्थ्य सुधार न होने पर एम्बुलेंस के माध्यम भिलाई सेक्टर 9 अस्पताल से रामकृष्ण अस्पताल ग्रीन कोरोडोर बना कर पहुंचाया। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए सीनियर अधिकारियों के नेतृत्व में ट्रैफिक के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मिलकर ग्रीन कोरिडोर बनाये गया। ग्रीन कोरिडोर व हाइवे पेट्रोलिंग की सहायता से मात्र 40 मिनट में एम्बुलेंस को सेक्टर 9 अस्पताल से मरीज को रायपुर राम कृष्ण अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें हाईवे पेट्रोलिंग 2 के द्वारा पायलेटिंग किया गया। इस साल ट्रैफिक पुलिस ने 4 माह में 9 गंभीर मरीजों को उपचार के लिए ग्रीन कैरिडोर बनाया गया है।

# आरटीई में त्रुटियां, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



आरटीई शिक्षा का अधिकार के तहत गरीब बच्चों के हक अधिकार का हनन और शिक्षा व्यवस्था में हो रहा भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर आप के नेताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन हैं। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में कई अभिभावकों ने आज जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह (आईएएस) के समक्ष शिक्षा का अधिकार 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया में हुई, गंभीर त्रुटियों और लापरवाही के विरोध में अपनी आपत्ति दर्ज कराई। पार्टी ने प्रभावित नोडल केंद्रों (वैशाली नगर, कुरूद, कोहका, जुनवानी, सुपेला, मरोदा आदि) में दस्तावेज़ सत्यापन न होने, योग्य आवेदनों को गलत तरीके से ₹अपूर्ण₹ या ₹अस्वीकृत₹ चिह्नित करने, सर्वेक्षण के बावजूद पोर्टल अपडेशन न किए जाने, और 26 अप्रैल को दर्ज शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। इस दौरान संजीत विश्वकर्मा, देविंदर सिंह भाटिया, गीतेश्वरी बघेल और ज्ञान प्रकाश तिवारी ने जोर देकर कहा कि, शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और प्रशासनिक लापरवाही से किसी बच्चे को वंचित नहीं किया जा रहा है। वंचित बच्चों के पालकों में धर्मेश दमाहे, अनवर, महेश कुमार साहू, नजमा बानो, दिलशाज फातिमा, अजय चंदवानी, शबनम साथ ही आम आदमी पार्टी के नेता संजीत विश्वकर्मा , देविन्दर सिंह भाटिया सहित अन्य शामिल रहे।

# सिविल डिफेंस वॉक मॉक ड्रिल में विधायक चंद्राकर हुए शामिल



**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट में आयोजित सिविल डिफेंस वॉक मॉक ड्रिल अभ्यास में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अभ्यास के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर हमले की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। सायरन की आवाज सुनकर सतर्कता बरतने, ब्लैक आउट की स्थिति में व्यवहार कैसे किया जाए, जैसी उपयोगी जानकारियां दी गईं।चंद्राकर ने कहा कि ऐसे अभ्यास न केवल हमारी जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि आपदा की घड़ी में आत्मरक्षा एवं जन-सहयोग की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर निगम सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रदर्शन सुधार पर हुई कार्यशाला में बनी कार्ययोजना

# सिलिका रिडक्शन प्लांट की बढ़ेगी उत्पादकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिलिका रिडक्शन प्लांट की उत्पादकता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शन सुधार कार्यशाला का समापन भिलाई निवास में हुआ। इसमें तकनीकी सत्रों और उच्चस्तरीय चर्चाओं के माध्यम से संचालन प्रणाली को बेहतर बनाने और उत्पाद गुणवत्ता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

दल्लीराजहरा सीएसडब्ल्यू प्लांट और सिलिका रिडक्शन प्लांट का एकीकरण: गुणवत्ता और मात्रा के परिप्रेक्ष्य में विषय पर पैनल चर्चा के साथ हुई। सत्र की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय तथा कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी ने की। महाप्रबंधक एस मनोज कुमार ने सत्र का संचालन किया। पैनल में शामिल प्रतिनिधियों तथा सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी), एनएमडीसी, इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मटेरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी), बीएसपी माइंस, और आरडीसीआईएस के प्रतिभागियों ने विषय पर विचार-विमर्श किया। मेट्सो, एरीज, वेस्टेक, वियर मिनरल्स तथा आईओसी–राजहरा सहित विभिन्न हितधारक संगठनों द्वारा अनुशंसाएं प्रस्तुत की गईं।

### हाइड्रो सायक्लोन पर चर्चा

कार्यशाला में सिलिका रिडक्शन प्लांट का अनुकूलन विषय पर विचार मंथन सत्र आयोजित हुआ। इसमें फीड पंप, हाई-फ्रीक्वेंसी स्क्रीन, डीस्लाइमिंग हाइड्रोसाइक्लोन, डब्ल्यूएचआईएमएस, टेलिंग व कंसन्ट्रेट थिकनर तथा फिल्टर प्रेस यूनिट्स आदि प्रमुख घटकों की दक्षता सुधारने के लिए तकनीकी समाधान तलाशे गए। सत्र में विशेषज्ञों ने भूमिका निभाई। सत्रों की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व बीके गिरि ने की।



### प्लांट की दक्षता में होगा सुधार

सत्र का संचालन महाप्रबंधक सुकांतो मंडल ने किया। सीईटी, आरडीसीआईएस, आईएमएमटी और बीएसपी माइंस के विशेषज्ञों ने अनुरक्षण रणनीतियों को सुदृढ़ करने हेतु सुझाव दिए।कहा कि यदि इन्हें समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए, तो सिलिका रिडक्शन प्लांट की कार्यदक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता भी बढ़ेगी। कार्यशाला में सीजीएम आरबी गहरवार ने आभार प्रदर्शन और संचालन उप महाप्रबंधक मुकुल सहारिया ने किया।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


04



भारतीय फैशन की झलक

**लाइव इवेंट**

## सत्य साईं बाबा को उनकी मां ने सामाजिक कार्य करने के लिए किया प्रेरित



**दुर्ग।** प्रशांति मंदिर कसारीडीह में ईश्वर अम्मा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल विकास समिति सिकोलाबस्ती, कसारीडीह, न्यू आदर्श नगर के नौनिहालों ने मूल्यवान गीत, नृत्य, आध्यात्मिक क्विज, चित्र, ड्राइंग, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता और भजन की प्रस्तुति दी। आयोजन समर कैंप की तरह किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष ईश्वर अम्मा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस बार भी साप्ताहिक आयोजन किया गया। माता ईश्वर अम्मा श्रीसत्य साई बाबा की माता थीं, जो कि श्री सत्य साई बाबा को जनहित के लिए जल, शिक्षा और चिकित्सा सेवा के लिए वचन मांगी थी। भगवान सत्य साई बाबा इन तीनों सेवा को पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ निभाते रहे। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू थे, जिन्होंने कार्यक्रम के प्रतिभागी बाल विकास समिति के नौनिहालों को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय से डॉ. ओपी वर्मा, केंद्रीय गोंडवाना समाज के सलाहकार सीताराम ठाकुर, पन्ना नेताम, रघु ठाकुर, विश्व कुमार तिवारी, तृप्ति नायडू, देव कुमार साहू, सृष्टि तिवारी, सत्या सोनी को सम्मानित किए। इस अवसर पर आरके तिवारी, हरिशचंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, अनिल जोशी, रंगदमन राजपूत, सौरव पाण्डेय, श्रीनिवास राव, नवीन त्रिपाठी, गौरव सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

■ प्रशांति मंदिर कसारीडीह में ईश्वर अम्मा सप्ताह का आयोजन

**सिटी इवेंट**

## सिको काई आल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में एलिट कराटे ऐकेडमी बना रनर अप चैंपियन



**भिलाई।** सिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के तत्वाधान में ठाकुर विश्वनाथ सहदेव इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची, झारखंड में द्वितीय सिको काई आल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों से आए लगभग 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें फिनिक्स शितोरियो कराते डो एसोसिएशन इंडिया के बैनर तले एलिट कराते अकैडमी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियो ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। सभी खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में ओवर आल फर्स्ट रनर अप का खिताब हासिल कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। यह सभी खिलाड़ी हैंशी अमल तालुकदार सर के कुशल मार्गदर्शन में एवं शिहान दीपक गुप्ता एवं सेंसाई एनके कुशवाहा के कुशल देखरेख में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस चैंपयनशिप में विशाल कुशवाहा ने टीम कोच की भूमिका में अपने कुशल नेतृत्व का प्रदर्शन किया। प्रतियगिता में मानवी साहू कांस्य पदक,स्वरा गुप्ता रजत पदक, अविशी भट्ट 2 कांस्य पदक, वेदांता साहू स्वर्ण पदक, कशिका देवांगन रजत पदक, आद्या भट्टाचार्य 2 कांस्य पदक ,चेतना साहू स्वर्ण पदक,संजीवनी जना रजत व कास्य पदक,वंश थोर कांस्य पदक,गणेश शर्मा कांस्य पदक,वेद केशरी रजत व कांस्य पदक,ओम उपाध्याय स्वर्ण पदक व कांस्य पदक,जय विश्वकर्मा स्वर्ण पदक व कांस्य पदक, सानिध्य चंद्राकर स्वर्ण पदक व रजत पदक,अर्पित साहु स्वर्ण पदक, वरुण कुमार वर्मा स्वर्ण पदक, मिहीर प्रधान कांस्य पदक, सत्यजीत जना कांस्य पदक, श्रेयस कुमार रजत पदक व कांस्य पदक, धीरज स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

**सिटी इवेंट**

## राजपूत चेतना विकास संघ आज निकालेगा महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा

**दुर्ग ।** राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ द्वारा वीर महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती आज 9 मई को संघ कार्यालय अग्रसेन चौक में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर संध्या 6 बजे ग्रीन चौक से पटेल चौक तक महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। शोभायात्रा में झांकियां व घोड़े-बग्गी आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए राजपूत (क्षत्रिय) चेतना विकास संघ के पदाधिकारी कमलेश सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती उत्सव को भव्य रुप देने राजपूत (क्षत्रिय) चेतना संघ के अलावा क्षत्राणी महिला मंडल व युवा मंडल के सदस्य जुटे हुए है। उन्होने स्वजातीय बंधुओं से महाराणा प्रताप जयंती उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

● दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी दुर्ग में आयोजित 14 दिवसीय समर कैम्प का समापन

# गर्मी की छुट्टियों में योग, मेडिटेशन, एरोबिक, जुम्बा, पेंटिंग, मूर्तिकला, घुड़सवारी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबल टेनिस और बैडमिंटन की ट्रेनिंग

दिल्ली पब्लिक सकूल जुनवानी दुर्ग में बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों में योग, मेडिटेशन, मार्शल आर्ट्स, एरोबिक व जुम्बा, स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग, पेंटिंग, कम्प्यूटर व एनिमेशन, मूर्तिकला, घुड़सवारी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबल टेनिस और बैडमिंटन का प्रशिक्षण दिया गया। 14 दिवसीय इस समर कैम्प में बच्चों को स्वीमिंग भी सिखाई गई। गुरुवार को बहुउद्देशीय सभागार में समर कैम्प का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र और योग से की गई।प्रतिभागी कैम्पर्स ने कैम्प के दौरान सीखी गई गतिविधियों और कलाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम में अंतराष्ट्रीय स्तर के पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान मुख्य रूप से मौजूद थे।

**भिलाई।** राजेश चौहान ने स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा को मात्र पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखना चाहिए, क्योंकि शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियों का संतुलन व तालमेल आवश्यक है, जो जीवन को नई दिशा प्रदान करे। एक श्रेष्ठ शिक्षा वही है, जो छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करे और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित समर कैम्प की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य यशपाल शर्मा एवं सीनियर मास्टर आरसी द्विवेदी, एकेडमिक कोआरर्डिनेटर सादिया फारूकी, सपना चौधरी व नवनीत रेखी ने प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। बच्चों ने इन 14 दिनों में जो कुछ सीखा, उसे अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही खूब तालियां बटोरी, अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ही बच्चों का सर्वांगिण विकास संभव है। मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है।



### स्टूडेंट्स के समुचित विकास के लिए भविष्य में होंगे ऐसे और भी आयोजन

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्राचार्य यशपाल शर्मा ने कैम्प में भाग लेने वाले समरत छात्रों एवं उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी छात्रों के बहुमुखी विकास के लिए इस प्रकार के सह-शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ कुछ नूतन कार्य करने की सीख मिलती है।गर्मी की छुट्टियों में मानसिक व शारीरिक विकास के साथ-साथ बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को उभारने में समर कैम्प की विशेष भूमिका होती है। शिक्षा के साथ खेल, संगीत व कला-कौशल जैसी गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। केवल बच्चे ही नहीं हर आयुवर्ग के लोग यदि कुछ समय समर कैम्प में नई कला सीखें तो व्यक्तित्व में उत्साह का संचार होता है।







## मॉकड्रिल: सुरक्षा उपायों का दिया गया प्रशिक्षण, आपदा से निपटने से जुड़े टिप्स भी दिए

**भिलाई।** स्टील इन्फ्रा सॉल्यूशंस कंपनी लिमिटेड द्वारा युद्ध अभ्यास को लेकर मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान अपने कार्यबल की सुरक्षा और तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए यह आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। मॉकड्रिल के दौरान निकासी प्रक्रियाएं, आपातकालीन संचार प्रोटोकॉल और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया गया।





सभी कर्मचारियों ने अभ्यास में भाग लिया, हाथों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसने संभावित खतरों के सामने तैयारियों के महत्व पर जोर दिया। सीओओ वाइएस रेड्डी ने कहा कि सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम मानते हैं कि हमारे लोगों और हमारे संचालन को सुरक्षित रखने में तैयारी महत्वपूर्ण है। हमारे कर्मचारी आपात स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। ड्रिल के बाद ईएचएस प्रमुख आरपी पाढ़ी, प्रशासन प्रमुख अनुज माथुर, यूनिट हेड अनिल मिश्रा ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया। अपने अनुभवों पर चर्चा की। चुनौतियों की पहचान की। भविष्य के प्रशिक्षण अभ्यासों को बढ़ाने के लिए फीडबैक एकत्र किया। युद्ध जैसी स्थितियों और ब्लैक आउट की स्थिति के लिए सुरक्षा पर पर्चे प्रसारित किए गए।

## विदर्भ टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट कल से भिलाई के खिलाड़ी में होंगे शामिल

**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वावधान में विदर्भ टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 9 से 11 मई तक नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित है। चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की महिला एवं पुरुष टीम प्रतिनिधित्व करेगी। छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम के खिलाड़ियों में कप्तान संदीप वर्मा, रोशन लाल यादव, निलेश बैक, आमिर हुसैन, सूरज शाह, गगन कुमार साहू, अमित हरपाल, धीरज कुमार, अनिकेत, संतोष चौहान, इजहार वसीम अंसारी, प्रशिक्षक संतोष प्रसाद और प्रबंधक कुदरत दास शामिल हैं। इसी प्रकार महिला टीम में कप्तान सपना महानंद, तेजस्वी, पलक जोशी, लेना, अमीषा, भूमिका, जागृति, तृषा, गायत्री साहू, हेमा, आरती, प्रशिक्षक कुंती सिंह, प्रबंधक सुनीता यादव शामिल हैं। पुरुष एवं महिला टीम के मुख्य प्रबंधक संतोष प्रसाद रहेंगे। दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के सचिव एवं छत्तीसगढ़ फेंसिंग के सचिव बशीर अहमद खान, बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष आरके श्रीवास्तव, वंश बहादुर सिंह, आजाद अहमद खान ने शुभकामनाएं दी है।



14 दिवसीय आयोजन के समापन समारोह में सांसद विजय बघेल भी हुए शामिल

**कार्नर न्यूज**

## उमरपोटी में चल रहे आध्यात्मिक प्रवचन का हुआ समापन, 11 से बसना महासमुंद में होगा आयोजन

**भिलाई।** उमरपोटी में जगद्गुरु 1008 स्वामी कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी के 14 दिवसीय दार्शनिक और आध्यात्मिक प्रवचन का का समापन हुआ। प्रवचन के अंतिम दिन उन्होंने बताया कि कैसे हमें गृहस्थ में रहते हुए भगवान की भक्ति करनी है। संसार के प्रत्येक कार्य को भगवान के निमित्त मान कर हम भगवान में मन लगा सकते हैं। इससे संसार का कार्य भी अच्छे से हो जाएगा और हमने जो कार्य किया, वह हमारी साधना होगी। हमें भगवान को अपना भगवान मान कर नहीं अपितु उनसे रिश्ता जोड़कर उनको अपना मान कर सेवा करनी है। जैसे हम अपने पिता,पति, पुत्र, सखा से करते हैं, तभी हमारा प्रेम भगवान से बढ़ेगा। श्रीश्वरी ने प्रवचन के सार में रूपध्यान ही भक्ति का सार बताया एवं प्रवचन का उपसंहार किया। आयोजन में भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पंडाल में भव्य रूप से महाआरती की गई। आरती के पश्चात फूलों की होली खेली गई। इसमें वृंदावन की झलक दिखाई पड़ी। सभी सड़क भक्ति होली में झूम उठे। सभी को वृंदावन की झांकी दिखाई दी। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए।



### वृंदावन में धूम मचाए बरसाने की छोरी... आज बिरज में होरी रे रसिया... जैसे गीतों में थिरके भक्त

वृंदावन धूम मचाए बरसाने की छोरी...आज बिरज में होरी रे रसिया जैसे गीतों और भजनों के साथ वृंदावन की होली की धूम रही। होली के आनंद में भाव विभोर हो गए। होली के बाद खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया ग।या इसके साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रीश्वरी ने प्रत्येक रविवार को सुबह 5:30 से 7:30 तक कीर्तन साधना गठित किया गया है, जो की उमरपोटी में श्याम श्याम धाम मंदिर में आयोजित किया गया है। मंदिर दीक्षा पब्लिक स्कूल के सामने उमरपोटी में स्थित है, जहां सभी साधक एकत्रित होकर साधना करेंगे।



### श्रीश्वरी देवी का अगला प्रवचन 11 मई से बसना महासमुंद में

आध्यात्मिक प्रवचन के दौरान सांसद विजय बघेल भी पहुंचे। उन्होंने आध्यात्मिक प्रवचन का रसपान किया। साध्वी से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे भक्तिमय आयोजनों से ही हम मनुष्यों को जीवन में आगे बढ़ने की नई दिशा मिलते हैं। ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। आयोजकों ने इस अवसर पर जानकारी दी कि श्रीश्वरी देवी का अगला आध्यात्मिक प्रवचण बसना महासमुंद में आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन 11 मई से 24 मई तक बसना महासमुंद जिला में होने जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों ने श्रीश्वरी देवी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सिटी इवेंट

# शिशु स्वास्थ्य और टीकाकरण से होने वाले लाभों की दी जानकारी



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय द्वारा गोदग्राम कोनारी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामवासियों को शिशु स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना तथा नियमित टीकाकरण के माध्यम से शिशुओं के संपूर्ण विकास की जानकारी देना था। बैठक के दौरान ग्राम के उप सरपंच सुरेश कुमार साहू के साथ शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच पेमेन लाल साहू, सदस्य रविकांत साहू तथा गोदग्राम संयोजक डॉ. रोहित कुमार वर्मा और रॉलिक बेंजामिन दास भी उपस्थित रहे। बैठक में शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से शिशु टीकाकरण कार्यक्रमों जैसे पोलियो और पेंटावेलेंट टीकों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित विशेषज्ञों ने टीकाकरण की प्रक्रिया, समय-सीमा और इससे होने वाले लाभों की जानकारी ग्रामीणजनों को प्रदान की। इस कार्यक्रम में डॉ. भूमिका मिश्रा और डॉ. सीमा द्विवेदी ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझावों और मार्गदर्शन के माध्यम से बैठक को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामवासियों को शिशु स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना तथा नियमित टीकाकरण के माध्यम से शिशुओं के संपूर्ण विकास को सुनिश्चित करना था।

- भारती विश्वविद्यालय का आयोजन

## धर्म लाइव

# हज के लिए जा रहे जायरीनों का किया इस्तकबाल, की दुआएं



**भिलाई।** मुस्लिम महिलाओं के गैर सरकारी संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी भिलाई ने इस साल हज के लिए जा रहे जायरीनों का इस्तकबाल सेक्टर-10 में एक कार्यक्रम में किया। इस दौरान सभी लोगों ने हज कबूल होने की दुआएं की। हज के लिए जा रहे लोगों ने इस्तकबाल के लिए शुक्रिया अदा किया। इन जायरीनों में सैयद निसार अहमद, सैयद जमशेद अली, हबीब अहमद, बाबा हुसैन .इकबाल गौरी. आयशा सुल्तान, अब्दुल फैयाज, शब्बीर अहमद, अतीक हुसैन आदिल हुसैन, खजिस्ता हुसैन, वहीदुद्दीन सिद्दीकी, एके हुमायूं बाशा, ताहिर उल निसा बाशा, रहनुमा,मेहरुन्निसा, शबनम, जाहिदा खान, कुरान ग्रुप की प्रमुख जुल्फी, आलिमा गुल निशा, सरवरी और दिलशाद, नाहिद बेगम, रुखसाना बानों और आयशा बारी का इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष अंजुम अली, कोषाध्यक्ष शाहीन खान, कौसर खान, फरीदा अली और कैसर इकबाल सहित तमाम लोगों का योगदान रहा।

- अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी ने सेक्टर-10 में किया आयोजन



## हेल्थ इवेंट

# सर्वाइकल कैंसर रोधी टीकाकरण अभियान के लिए शिविर 11 को

**दुर्ग।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए माहेश्वरी समाज लगातार विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन कर रहा है। इस क्रम में 11 मई को बी एम शाह हॉस्पिटल सुपेला भिलाई में यह शिविर सुबह 10 से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 9 से 26 वर्ष तक की बच्चियों व महिलाओं को यह टीका लगाया जाएगा। 9 से 14 वर्ष तक की उम्र में 6 महीने के अंतराल पर 2 डोज़ वहीं 15 से 26 वर्ष की उम्र में 3 डोज़ लगाए जाएंगे। प्रत्येक टीके का आधा शुल्क ही लिया जाएगा और शेष राशि श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दी जा रही है। टीके के लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। अलग अलग स्थानों से कैंसर के रोकथाम के लिए जागरूकता का परिचय देते हुए 50 से भी अधिक युवतियों ने ऑनलाइन पंजीयन करवा लिया है। यह आयोजन अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा, श्री बांगड़ माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसाइटी, छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा, दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा,, भिलाई माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग, श्री माहेश्वरी पंचायत साजा, माहेश्वरी सभा बेमेतरा, गुण्डरदेही परिक्षेत्र माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला मण्डल, माहेश्वरी युवा संगठन का विशेष सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष देवरतन तापड़िया, जिला सचिव राजकुमार केला, भिलाई सभा अध्यक्ष हर्ष मंत्री, सी ए अजय सोमानी, अभय माहेश्वरी, अशोक राठी दुर्ग, अरुण राठी बेमेतरा, सुशील गाँधी गुण्डरदेही, रमेश राठी साजा सहित महिला मण्डल व युवा संगठन की टीम कार्य कर रही है।

## ऑन द स्पॉट होगा पंजीयन, निशुल्क दी जाएगी खेल सामग्री

# 21 दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू पारंपरिक खेलों के साथ ताईक्वाडो और कुडो भी सिखाएंगे स्पेशल कोच

**दुर्ग जिले के सभी खेल के खिलाड़ियों के लिए अपने पसंदीदा खेल की बारीकियों को स्पेशल कोच से सीखने और उसमें पारंगत होने का एक सुनहरा अवसर आज से शुरु हो जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 9 से 29 मई तक 21 दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सब जूनियर, जूनियर वर्ग के बालक-बालिकाएं भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए विभाग द्वारा नि:शुल्क खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस शिविर में प्रशिक्षण लेने के लिए कोई भी खिलाड़ी संबंधित मैदान पर उपस्थित होकर पंजीयन के बाद नि:शुल्क प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिविर प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे और शाम सूर्यास्त होने के पहले मौसम व गर्मी को देखते हुए बच्चों की सुविधा अनुसार प्रशिक्षक समय निर्धारित करेंगे।**

**भिलाई।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन वर्ष 2025-26 के संबंध की बैठक में शिविर के सुचारु आयोजन के लिए विलियम लकड़ा सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग की अध्यक्षता एवं तनवीर अकील जिला क्रीडा अधिकारी जिला दुर्ग, व्यायाम शिक्षकों, खेल संघों एवं खेल प्रशिक्षकों की कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।



### भिलाई-दुर्ग के इन स्थानों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

जिले के विभिन्न खेल मैदानों पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें हॉकी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद, समृद्धि बाजार के पास दुर्ग में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह व्हालीबॉल के लिए हॉस्पिटल सेक्टर हुड़को, बजरंग पारा कोहका, खो-खो के लिए नेशनल स्कूल मैदान दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झीट पाटन, खो-खो मैदान पाउवारा, फुटबॉल के लिए रविशंकर स्टेडियम दुर्ग, साइंस कालेज मैदान दुर्ग, हाउसिंग बोर्ड भिलाई, कबड्डी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा पाटन, बैगापारा स्टेडियम दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोन-2 खुर्सीपार, दशहरा मैदान उतई में सिखाया जाएगा।

### मार्शल आर्ट, साइकल पोलो और वेट लिफ्टिंग में होंगे पारंगत

मार्शल आर्ट के लिए जुनवानी वार्ड 1 भिलाई और कुडों के लिए प्राथमिक शाला कसारीडीह दुर्ग, ताईक्वाडों के लिए जे.पी. नगर भिलाई, महावीर खेल मैदान दुर्ग, साफ्टबॉल के लिए नवीन कालेज मैदान खुर्सीपार, बेसबॉल के लिए खेल मैदान भिलाई-3 में, साइकल पोलो के लिए साइकल पोलो मैदान भिलाई, साइक्लिंग के लिए भिलाई निवास के सामने, भारोत्तोलन के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा, झीट मैदान, कुश्ती के लिए महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग, एथलेटिक्स के लिए खेल मैदान खम्हरियां, बास्केटबॉल के लिए राजेश पटेल मैदान सेक्टर-2, सेंट थामस कॉलेज मैदान रिसाली, नेटबॉल के लिए एन.सी.आर.टी. स्कूल सेक्टर-6, भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।



### पंजीयन जरुरी...



**जिला खेल व युवा कल्याण विभाग का आयोजन**

शिविर में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का पंजीयन, संबंधित मैदान पर किया जाएगा, जिसमें पालक की सहमति होना अनिवार्य है। पंजीयन के लिए खिलाड़ी एक पासपोर्ट साईज फोटो के साथ संबंधित खेल मैदान पर प्रशिक्षक से संपर्क कर सकते हैं।



## आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला...

# तुलसीदास, मीरा और कबीर को हुई भगवत प्राप्ति, मन-बुद्धि की शरणागति से मिलेगी भगवान की कृपा: धामेश्वरी देवी



**भिलाई।** जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण जुनवानी स्मृति नगर में चल रहे दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के चौथे दिन देवी ने बताया कि भगवान्‌ कृपा सभी के ऊपर करना चाहते हैं किन्तु भगवान्‌ की कृपा का भी एक कानून है। वह कानून है कि जो भी शर्त पूरा करेगा वह उसी पर कृपा करेंगें। वह शर्त तुलसीदास, सुरदास, मीरा, कबीर, नानक, तुकाराम आदि अनेक महापुरुषों ने पूरी कर दी इसलिए उन्हें भगवत्प्राप्ति हो गयी, लेकिन हम लोगों ने शर्त को पूरा नहीं किया, इसलिए अनादिकाल से चैरासी लाख योनियों में भटक रहे है। वह शर्त है - भगवद्‌ शरणागति। यदि कोई भगवान्‌ की शरण में चला जाये तो फिर उसे कुछ करना ही नहीं है। शरणागति के सिद्धांत को हर धर्म मानता है। लेकिन शरणागति का मतलब यह न समझें कि भगवान्‌ कोई मूल्य ले रहे हैं। फिर लोगो को यह लगेगा कि हमने इंद्रियों से चारों धाम किया, भजन गायें, माला फेरी लेकिन अहंकार बढ़ेगा जबकि भगवान्‌ दीनबंधु हैं, उन्हें दीनता पसंद है। इसलिए भगवान्‌ ने गीता में शरणागति का अर्थ बताया अर्थात कुछ न करना। कुछ न करना का मतलब कर्तापन का अभिमान त्याग देना। कि मैं शरणागत हूं। दूसरी बात यह है कि शरणागति मन को करनी होगी। हम सभी इन्द्रियों से भगवान्‌ शरणागति करते हैं जैसे हाथों से माला फेरना, वाणी से पाठ करना, पैरों से तीर्थो आदि में जाना इंद्रियों की भक्ति भगवान नोट नहीं करते। भगवान्‌ मन की भक्ति या मन की शरणागति नोट करते है। जहां मन का प्रश्न आता है तो लोग बहाना बनाते हैं कि हमारा मन भगवान में नहीं लगता। मन की शरणागति पर इसलिये जोर दिया शास्त्रों ने क्योंकि मन बंधन का कारण है और मोक्ष का भी कारण है। गीता भी कहती है कि केवल ईश्वर की शरणागति ही करनी है। लेकिन हमने अनादिकाल से संसार को अपना माना, संसारी रिश्तेदारों को अपना माना, संसार में सुख माना इसीलिए हमारी मन बुद्धि की शरणागति भगवान्‌ में न होकर संसार के सामान, रिश्तेदार, नातेदार आदि में हो जाती है। हम यह नहीं जानते कि संसार की वस्तुओं से जो सुख हमें मिलता है वह क्षणिक होता है और शीघ्र ही नष्ट भी हो जाता है। इसके विपरीत भगवान का सुख भूमा होता है, अर्थात वह कभी नष्ट नहीं होता और प्रतिक्षण बढ़ता जाता है। शरणागति मन को ही करनी होती है, इंद्रियों की भक्ति से काम नहीं चलेगा, उसका परिणाम सदैव शून्य ही आएगा। इसलिए हमें बार बार मन बुद्धि में इस बात को बिठाना होगा कि केवल भगवान्‌ में ही वास्तविक सुख है, संसार में सुख नहीं है। इसका बार बार अभ्यास करना होगा। संसार से मन हटाना और भगवान में मन लगाना, निरंतर इसी का अभ्यास करना होगा, तभी वास्तविक शरणागति और भगवान्‌ की प्राप्ति हो सकेगी। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 14 मई तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक होगा।



# बीएसपी कर्मी की बेटी सोनाक्षी की उड़ान



**भिलाई।** भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र (आईएससी) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास तथा इरा दास की बेटी सोनाक्षी दास ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 99% अंक अर्जित कर पश्चिम बंगाल राज्य में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। श्रीमती दास बर्णपुर रिवरसाइड स्कूल में अध्यापिका हैं। रेटो कॉन्वेंट स्कूल, आसनसोल की छात्रा रही सोनाक्षी ने अपने समग्र प्रदर्शन में गणित को छोड़कर सभी विषयों में 99 अंक प्राप्त किए। गणित में उन्हें 97 अंक प्राप्त हुए। उन्होंने इससे पूर्व वर्ष 2023 में भी उन्होंने आईसीएसई (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 99% अंक अर्जित कर राज्य में पांचवां स्थान प्राप्त किया था। उनके प्रदर्शन को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा सराहा है और बंगाल शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें औपचारिक प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। वर्ष 2023 में कोलकाता में आयोजित राज्य स्तरीय टॉपर सम्मान समारोह में भी सोनाक्षी को आमंत्रित किया गया था। उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार से तत्कालीन निदेशक प्रभारी (सेल दुर्गापुर-बर्नपुर) बीपी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया था। सोनाक्षी अर्थशास्त्र, सांख्यिकी औरडाटा साइंस के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की आकांक्षा रखती हैं।

- बंगाल में आईएससी 12वीं बोर्ड परीक्षा में पांचवां स्थान

## चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई का आयोजन

# चेम्बर की मुहिम, एक देश -एक चुनाव का प्रस्ताव व्यापारियों ने एक मत से किया पास ...भिलाई-3 से अभियान की शुरुआत

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा एक देश एक चुनाव अभियान की शुरुआत गुरुवार को भिलाई 3 सिंधु भवन से की गई। इस दौरान एक देश -एक चुनाव का प्रस्ताव व्यापारियों ने एक मत से पास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक देश एक चुनाव एक महत्वपूर्ण विषय है। राष्ट्र एक है तो चुनाव भी एक ही होना चाहिए। जिससे देश की एकता व अखंडता बनी रहे।






### इस अभियान में व्यापारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

चेम्बर महामंत्री अजय भसीन ने एक देश एक चुनाव कार्यक्रम को संबोधित करते कहा एक देश एक चुनाव लागू करने का यही समय सही है। व्यापारी वर्ग की भूमिका इस अभियान में महत्वपूर्ण होगी। व्यापारी मंच से एक देश एक चुनाव की आवाज जन जन तक जाएगी। आज हम संकल्पित हो जाये कि अब बार-बार चुनाव न हो, बार-बार चुनाव संसाधनों के दुरुपयोग को बढ़ावा देता है। एक चुनाव-एक देश अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा। करोड़ो के खर्च को कम करेगा और समय बचेगा और देश के विकास के लिए कार्य करने व नवीन योजना को मूर्त रूप देने सरकार को ज्यादा समय मिल पायेगा। एक देश एक चुनाव से आर्थिक दुरुपयोग बचेगा और 4.5 करोड़ की बचत होगी। ये बचत का पैसा देश के विकास में स्वास्थ्य क्षेत्र में काम आएगा। हमारा देश प्रगति की ओर बढ़ेगा ,संसाधनों का सही व उचित उपयोग हो पायेगा।अजय ने प्रस्ताव रखा जिसे सभी व्यापारियों ने एक मत से पारित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने नरेंद्र मोदी का आह्वान एक देश एक चुनाव के लाभ सभी को बताते हुए व्यापारियों से आह्वान किया कि इस अभियान को जन-जन तक पहुचाएं। विशेष वक्ता कार्यसमिति सदस्य शिरीष अग्रवाल ने बताया कि 1960 के समय में लोकसभा व विधानसभा के चुनाव साथ हुआ करते थे अब एक देश एक चुनाव क्यो नही। कार्यक्रम प्रभारी सुषमा जेठानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक देश एक चुनाव आज की आवश्यकता है। बार बार चुनाव विकास के लिए बाधक होते है। कार्यक्रम में चेम्बर उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंत्री मनोहर कृष्णानी, राकेश मल्होत्रा, भूषण अदलखा, विकास जायसवाल, राजेश शर्मा, नरेंद्र मखीजा, भिलाई 3 के व्यापारी शमन लाल नथनी, अनिल जेठानी, प्रदीप जैन, पुखराज जैन, वासुदेव सोनी, ललित जैन, ओमकार स्वर्णकार, प्रफुल्ल, गोपाल चांडक, दिलीप पटेल, श्याम सुंदर जायसवाल, तोरण सोनी, हितेश जैन, संदीप देशलहरा, कोमल, लवकुश सोनी, हस्तीमल जैन, पंकज जैन, धर्मेंद्र जैन, हामिद अहमद, प्रकाश लोहाना, शंकर सचदेव आदि मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला स्तरीय शतरंज चयन स्पर्धा 11 मई से राजधानी में



**रायपुर।** रायपुर जिला शतरंज संघ और चेस शाला के संयुक्त तत्वाधान में आयु वर्ग 7, 11 और आयु वर्ग 15 बालक बालिका शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन 11 और 12 मई को रायपुर स्थित रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल में होगा। उक्त स्पर्धा में केवल रायपुर जिला के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। स्पर्धा क्लासिकल फॉर्मेट में स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। जिसमें खिलाड़ियों को 30 मिनट तथा प्रत्येक चाल पर 30 सेकेंड का इंक्रीमेंट मिलेगा। आयु वर्ग 7 व 11 के चयनित 2-2 खिलाड़ी (2 बालक व 2 बालिका ) का चयन आगामी राज्य स्तरीय चयन स्पर्धा के लिए किया जाएगा। वही आयु वर्ग 15 के लिए भिलाई में 17 से 20 मई तक आयोजित राज्य चयन स्पर्धा के लिए चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के संयोजक फीडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है तथा मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल ऑर्बिटर अनूप झा रहेंगे। सहयोगी के रूप में हेमा नागेश्वर, तुषार गुप्ता, अक्षत महोबिया व प्राची यादव रहेंगी। स्पर्धा के लिए आयु वर्ग 7 में 1 जनवरी 2018 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते है। आयु वर्ग 11 में 1 जनवरी 2014 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी तथा आयु वर्ग 15 में 1 जनवरी 2010 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता की जानकारी हेतु अनूप झा व रोहित यादव से संपर्क किया जा सकता है।

### आल इंडिया ओपन कराटे में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते 8 स्वर्ण



**भिलाई।** झारखंड रांची के ठाकुर विश्वनाथ सहदेव इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में दूसरी कराटे चैंपियनशिप स्पर्धा रखी गई। जहां फिनिक्स शितोरियो कराटे डो एसोसिएशन इंडिया के बैनर तले एलिट कराते अकैडमी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। सिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के तत्वावधान में 3 और 4 मई को हुई स्पर्धा में सेकंड सिको काई आल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में देश के अलग-अलग राज्यों से आए लगभग 400 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जहां छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी भिलाई से फिनिक्स शितोरियो कराटे डो एसोसिएशन इंडिया के बैनर तले एलिट कराते अकैडमी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। जहां सभी खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए इस चैंपियनशिप में ओवर आल फर्स्ट रनर अप का खिताब हासिल कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। यह सभी खिलाड़ी हैंशी अमल तालुकदार, शिहान दीपक गुप्ता और सेंसाई एनके कुशवाहा के कुशल मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस चैंपयनशिप में विशाल कुशवाहा ने एक कुशल टीम कोच की भूमिका का प्रदर्शन किया। इस प्रतियगिता में भिलाई से मानवी साहू कांस्य पदक, स्वरा गुप्ता रजत पदक, अविशी भट्ट 2 कांस्य पदक, वेदांता साहू स्वर्ण पदक, कशिका देवांगन रजत पदक, आद्या भट्टाचार्य 2 कांस्य पदक, चेतना साहू स्वर्ण पदक, संजीवनी जना रजत और कास्य पदक, वंश थोर कांस्य पदक, गणेश शर्मा कांस्य पदक, वेद केशरी रजत और कांस्य पदक, ओम उपाध्याय स्वर्ण पदक और कांस्य पदक, जय विश्वकर्मा स्वर्ण पदक और कांस्य पदक, सानिध्य चंद्राकर स्वर्ण पदक और रजत पदक, अर्पित साहू स्वर्ण पदक, वरुण कुमार वर्मा स्वर्ण पदक, मिहीर प्रधान कांस्य पदक, सत्यजीत जना कांस्य पदक, श्रेयस कुमार रजत पदक और कांस्य पदक, धीरज स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### रंजीता-देवबती की बदौलत खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ टॉप फोर में



**रायपुर।** 7वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ प्रदेश की जूडो टीम ने पदक तालिका में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर राज्य को गौरवान्वित किया है। छग प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के माध्यम से संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि -52kg वर्ग में बस्तर की रंजीता कुरेती ने स्वर्ण पदक, -40 किग्रा में 5वी पोजीशन एवं बस्तर की हेमवती नाग को 7 वीं पोजीशन प्राप्त हुई थी जिसके कारण से 26 राज्यों की टीम में छत्तीसगढ़ ने रनर अप के रूप में चतुर्थ स्थान अर्जित कर ट्रॉफी प्राप्त की है। श्री मेमन एवं श्री द्विवेदी ने आगे बताया कि राज्य की जूडो खिलाड़ियों में बालिकाओं का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। श्री द्विवेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन यदि सहयोग करता है तो निश्चित रूप से ही राज्य के जूडो खिलाड़ी अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलने का मौका प्राप्त कर सकते हैं। राज्य की खिलाड़ियों की उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की है।

देश में ब्लड प्रेशर के मरीजों की बढ़ रही तादाद

# आपके रूटीन की ये खराब आदतें बना सकती हैं ब्लड प्रेशर का मरीज, आज ही हो जाएं सावधान

हाई ब्लड प्रेशर एक ऐसी समस्या है जिससे हार्ट अटैक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। कई बार ये समस्याएं हमारी ही कुछ गलत आदतों की वजह से होती हैं। आइए इस लेख में कुछ ऐसी ही आदतों के बारे में जानते हैं।

हाई ब्लड प्रेशर आज के समय में एक आम स्वास्थ्य समस्या बन गया है। कई बार इसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके शुरुआती लक्षण ऐसे होते हैं जिसे आमतौर पर इंसान ध्यान नहीं दे पाता है। यह धीरे-धीरे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे हृदय, किडनी और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाता रहता है। हाई ब्लड प्रेशर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें आनुवंशिकी, उम्र और कुछ मेडिकल कंडीशन शामिल हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इन सब के अलावा हमारी कुछ आदतें भी ऐसी होती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर का खतरा काफी बढ़ जाता है।

जिन लोगों की लाइफस्टाइल खराब होती है उन्हें अक्सर ब्लड प्रेशर बढ़े रहने या कम होने की समस्या हो सकती है। आइए ऐसी ही कुछ सामान्य आदतों पर नजर डालते हैं जो हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकती हैं। अगर आप भी इनमें से किसी भी आदतों के शिकार हैं, तो आज ही सावधान हो जाएं और उनमें बदलाव लाने की कोशिश करें।



### संतलित आहार न लेना

हम क्या खाते हैं, इसका सीधा असर हमारे ब्लड प्रेशर पर पड़ता है। अत्यधिक नमक का सेवन उच्च रक्तचाप का सबसे बड़ा दुश्मन है। ज्यादा नमकीन स्नैक्स, पैकेटबंद खाना, फास्ट फूड और तला-भुना भोजन में सोडियम की मात्रा बहुत होती है, जो ब्लड प्रेशर बढ़ा सकता है। रेड मीट का अधिक सेवन और फल-सब्जियों की कमी भी इसका कारण बनती है। असंतुलित खानपान वजन बढ़ाता है और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है।

### सेडेंटरी लाइफस्टाइल (शारीरिक गतिविधि की कमी)



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बहुत से लोग घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं या शारीरिक मेहनत से बचते हैं। नियमित व्यायाम या किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी न करना 'सेडेंटरी लाइफस्टाइल' कहलाता है। शारीरिक गतिविधि की कमी से वजन बढ़ता है, मांसपेशियां कमजोर होती हैं और हृदय को ठीक से काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे में व्यायाम हृदय को मजबूत बनाता है और रक्तचाप को कंट्रोल रखने में मदद करता है।

### मानसिक तनाव की समस्या पर ध्यान न देना

तनाव हमारी जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन क्रॉनिक या लंबे समय तक रहने वाला तनाव ब्लड प्रेशर के लिए खतरनाक हो सकता है। तनाव की स्थिति में शरीर स्ट्रेस हार्मोन (जैसे कोर्टिसोल) रिलीज करता है, जिससे हृदय गति बढ़ती है और रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं। यदि तनाव लगातार बना रहता है तो यह धीरे-धीरे हाई ब्लड प्रेशर का स्थायी कारण बन सकता है। ऐसे में तनाव को नियंत्रित करके रक्तचाप को भी कंट्रोल किया जा सकता है, इसके लिए योग, ध्यान जैसे अभ्यास सहायक हैं।



### पूरी नींद न लेना

पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। जब हम सोते हैं, तो हमारा शरीर स्ट्रेस हार्मोन को रेगुलेट करता है और रक्तचाप को नियंत्रित करता है। नींद की कमी या बार-बार नींद का टूटना इन प्रक्रियाओं को बाधित करता है। लंबे समय तक पर्याप्त नींद न लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में वयस्कों के लिए कम से कम 7-8 घंटे की अच्छी नींद जरूर लेनी चाहिए।



## गर्मी में ठंडक दे सकते हैं होम डेकोरेशन आइडियाज

गर्मी में घर को ठंडा रखना थोड़ा मुश्किल टास्क तो है, लेकिन आप हल्के रंग, हवादार कपड़े, पौधे आदि चीजें इस्तेमाल करके अपने घर को ठंडा, शांत और सुंदर बना सकती हैं। यह गर्मी के मौसम के लिए बिल्कुल सही साबित हो सकता है। आइए, घर को बाहर की दुनिया की तरह खुशनुमा बनाने के लिए एक्सपर्ट से इस बारे में जान लेते हैं।

गर्मी का मौसम आते ही हम सभी चाहते हैं कि हमारा घर ठंडा और आरामदायक रहे। सिर्फ AC और कूलर ही नहीं, बल्कि आपके घर का डेकोरेशन भी इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। कुछ आसान बदलाव करके आप अपने घर को गर्मी में ठंडक का एहसास दिला सकते हैं। साथ ही, उसे एक एलिगेंट और स्टाइलिश लुक भी दे सकते हैं। तो अगर आप भी इस गर्मी अपने घर को ठंडा और खूबसूरत बनाने के लिए एक्सपर्ट के हिसाब से होम डेकोरेशन आइडियाज की तलाश में हैं, तो यह लेख आपके लिए है। आइए रबयाना डिजाइन के सीईओ और संस्थापक अभय गुप्ता से उन खास टिप्स के बारे में जानते हैं, जिनसे आपका घर गर्मी में भी शांत और आकर्षक लगेगा।

### गर्मी में घर को ठंडक देने के लिए घर को कैसे डेकोरेट करें?

गर्मी में ठंडक पाने के लिए हल्के और शांत रंग जैसे



सफेद, हल्का ग्रे या क्रीम इस्तेमाल करें। दीवारों और बड़े फर्नीचर के लिए ये रंग अच्छे रहेंगे। थोड़ी गर्मी और गहराई लाने के लिए कुशन और पतली चादरों जैसे छोटे सामान में हल्के भूरे रंग का इस्तेमाल करें।

### हल्के कपड़े इस्तेमाल करें

सर्दियों के मोटे कंबल और मखमली कुशन हटा दें। उनकी जगह हल्के कपड़े जैसे कॉटन, लिनेन और बुने हुए कपड़े इस्तेमाल करें। सोफे पर हल्की चादर डालें या नए, हल्के डिजाइन वाले कुशन कवर लगाएं। प्राकृतिक कपड़ों से बनी चीजें घर को आरामदायक और अलग दिखाती हैं।

### कम चीजें रखें

गर्मी के लिए घर को साफ-सुथरा रखें। जो चीजें काम की नहीं हैं या जिनका कोई मतलब नहीं है, उन्हें हटा दें। इससे घर खुला और हवादार लगेगा, और आपकी सजावट अच्छे से दिखेगी। ध्यान रखें कि घर में आसानी से घूम सकें।

### हाथ से बनी चीजें दिखाएं

हाथ से बनी सुंदर चीजें जैसे मिट्टी के फूलदान, लकड़ी की ट्रे या कारीगरों की सजावट घर में रखें। इससे घर असली और खास लगेगा। जो लोग हाथ से चीजें बनाते हैं, उनसे सामान खरीदने से आपका घर तो अच्छा लगेगा ही, साथ ही यह टिकाऊ जीवन जीने का भी एक तरीका है।



## सपने में हाथी देखने से आ सकते हैं जीवन में बदलाव

सपने में किसी भी जानवर को देखना अपने जीवन में आने वाले कुछ बदलावों का संकेत हो सकता है। ऐसे ही अगर आपको कभी सपने में हाथी दिखाई देता है तो इसके आपके जीवन में क्या मतलब हो सकते हैं। इसके बारे में यहां जानें।

### सपने में हाथी की परेड देखना

हाथियों का सपना आपके जीवन के लिए कई अलग-अलग रूप ले सकता है, लेकिन प्रत्येक में अद्वितीय प्रतीकवाद होता है जो आपकी कल्पना को पकड़ सकता है। सबसे लोकप्रिय सपनों में से एक है हाथी की परेड देखना है। इस सपने में हाथियों की एक परेड शक्ति, सद्भाव और खुशी का प्रतिनिधित्व करती है। इसके अतिरिक्त, हाथी की परेड का सपना देखना इस बात का संकेत हो सकता है कि आप अपने दैनिक जीवन में एक खुशहाल, सहयोगी या महत्वपूर्ण समय से गुजार रहे हैं।

### हाथी द्वारा आपका पीछा करने का सपना

हाथी का आपका पीछा करने का सपना देखना जिज्ञासा और भय के मिश्रण को दिखाता है। यह स्थिति अक्सर आपके अवचेतन मन में आपके चेतन जीवन में कठिनाइयों की स्वीकृति को दर्शाती है। आपके पीछे भागते हुए हाथी उन जरूरी मुद्दों का भी प्रतीक हो सकते हैं जिनसे आप बचने की कोशिश कर रहे हैं।

ज्योतिष में हाथी का पीछा करना बाधाओं का सामना करने और उनसे भागने की कोशिश करने के बजाय सकारात्मक समाधान निकालने की याद दिलाता है। सपने में हाथी द्वारा आपका पीछा करने का एक अर्थ यह भी है कि कुछ लोग या बाधाएं आपको



अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से रोक रही हैं। यदि आप लोगों से छुटकारा पा सकते हैं और बाधाओं को पार कर सकते हैं तो आपके जीवन के लक्ष्य किसी न किसी बिंदु पर वास्तविकता बन सकते हैं।

### सपने में हाथी के बच्चे को देखना

हाथी के बच्चे का सपना देखना पवित्रता, खुशी और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। ज्योतिष में हाथी के बच्चे का सपना आपके रचनात्मक पक्ष, पोषण की प्रवृत्ति या आपके जीवन में एक फलदायी चरण की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब आप हाथी के बच्चे का सपना देखते हैं, तो यह एक संकेत हो सकता है कि आपको अपनी स्वाभाविक जिज्ञासा, उत्साह और विकास की क्षमता को अपनाना चाहिए। हाथी के बच्चे का सपना यह भी संकेत दे सकता है कि आप अपनी छोटी-छोटी समस्याओं को ज्यादा महत्वपूर्ण बना रहे हैं।

## किचन में लगी चिमनी पर जमी चिकनाई हटाए



किचन में लगी हुई चिमनी खाने से निकलने वाले तेल और मसालों की वजह से काफी चिकनी हो जाती है। ऐसे में कभी-कभी उसपर जमा जिद्दी ऑयल साफ नहीं होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको एक आसान सी ट्रिक अपनानी चाहिए, जिससे चिमनी पर जमा चिकनाई बाहर निकल कर आ जाएगी। है।

इसके लिए आपको एक बर्तन में मार्केट से लेकर लिक्विड सोडा डालना है। अब आप उसमें थोड़ा वाशिंग पाउडर डालकर मिक्स करें। इसके बाद आपको आधा नींबू निचोड़ देना है। ऐसा करने के बाद चिमनी के फिल्टर निकाल लें।इस घोल में आपको छोटा ब्रश डिप करना है।फिर चिमनी पर जमा चिकनाई को हल्के हाथों से रगड़ना है।इसके बाद कोई साफ सूखा हुआ सूती कपड़ा लेकर उससे चिमनी को पोंछ देना है।

### चिमनी को साफ करने के अन्य तरीके

आप चिमनी की सफाई यदि हर हफ्ते करेंगी तो आप उसे नार्मल क्लीनर से भी साफ कर सकती हैं। इसके अलावा आप गर्म पानी में वाशिंग पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर भी चिमनी और जमा तेल को साफ कर सकती हैं। एल्युमिनियम फॉयल के टुकड़े लेकर उसको चिमनी पर रगड़ें। ऐसा करने से भी चिमनी की गंदगी साफ हो जाती है। आप चिमनी के फिल्टर निकालकर उसको लोहे स्क्रबर और लिक्विड डिश वॉश से क्लीन करें।

कार्नर न्यूज

मां को दें प्यार भरा तोहफा

# मदर्स डे पर अपने हाथों से तैयार करें खास गिफ्ट, छू लेंगे मां का दिल

इस मदर्स डे पर बाजार के गिफ्ट छोड़कर अपने हाथों से बने प्यारे तोहफों से मां के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। इस लेख में कुछ आसान और प्यारे डू इट योरसेल्फ (डीआईवाई) गिफ्ट आइडियाज दे रहे हैं, जो मां का दिल छू लेंगे।

मां के लिए तो हर दिन खास होता है, लेकिन मदर्स डे उस दिन को और भी खूबसूरत बना देता है जब हम अपनी मां को यह एहसास दिला सकते हैं कि वह हमारे लिए कितनी अनमोल हैं। मदर्स डे पर मां को तोहफा देकर ये खास दिन सेलिब्रेट करें। वैसे तो बाजारों में मदर्स डे स्पेशल गिफ्ट की बहार आ गई है लेकिन अगर इस बार आप अपनी मां को कोई ऐसा तोहफा देना चाहते हैं जिसमें आपका प्यार और मेहनत दोनों झलकें, तो क्यों न अपने हाथों से कुछ खास बनाकर उन्हें सरप्राइज दिया जाए?

इस मदर्स डे पर बाजार के गिफ्ट छोड़कर अपने हाथों से बने प्यारे तोहफों से मां के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। इस लेख में कुछ आसान और प्यारे डीआईवाई गिफ्ट आइडियाज दे रहे हैं, जो मां का दिल छू लेंगे।

आप मां के लिए एक खूबसूरत सा ग्रीटिंग कार्ड अपने हाथों से बना सकते हैं, जिसमें आपके एहसास और दिल छू लेने



वाले शब्द लिखे हों। आपका यह तोहफा मां को यकीनन भावुक कर देगा। घर पर कार्ड बनाना आसान भी है, इसके लिए रंग-बिरंगे पेपर, स्केच पेन और कुछ क्रिएटिव आइडियाज अपनाकर आप एक प्यारा कार्ड बना सकते हैं। उसमें बचपन की कोई यादगार फोटो या मां के लिए भावुक कविता भी जोड़ सकते हैं।

### फैमिली फोटो कोलाज

पुरानी तस्वीरों को इकट्ठा कर एक यादों का कोलाज बनाना एक बेहतरीन आइडिया है। आप चार्ट पेपर या फोटो फ्रेम का इस्तेमाल कर परिवार की यादगार पलों की तस्वीरें सजाकर मां को भेंट कर सकते हैं। यह उन्हें पुरानी यादों में ले जाएगा और उन्हें बहुत खुशी देगा।

### एप्रन या रुमाल

अगर आपको सिलाई-कढ़ाई या पेंटिंग का शौक है तो आप अपनी मां के लिए किचन एप्रन, रुमाल या हैंडबैग खुद बना सकते हैं। उस पर कुछ सुंदर डिजाइन या मां के लिए कोई खास मैसेज लिख सकते हैं।

### होममेड स्किनकेयर प्रोडक्ट्स

अगर आपकी मां को स्किनकेयर पसंद है, तो उनके लिए घर पर ही बेसन-हल्दी फेस पैक, लिप बाम या हैंडमेड साबुन बना सकते हैं। यह न केवल प्राकृतिक और सुरक्षित रहेगा बल्कि उस में आपकी देखभाल भी झलकेगी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टेलीविजन सीरिज से करियर शुरू करने वाले जॉर्ज ने निभाए कई यादगार किरदार



हॉलीवुड एक्टर जॉर्ज क्लूनी ने लगभग 45 साल के अपने एक्टिंग करियर में कई फिल्मों में अभिनय किया, साथ ही कुछ चर्चित फिल्में निर्देशित भी की हैं। जॉर्ज क्लूनी का जन्म अमेरिका के लेक्सिंगटन, केंटकी में हुआ। मां नीना ब्रूस अपने समय की ब्यूटी क्वीन रहीं, वहीं पिता निक क्लूनी नामी टेलीविजन होस्ट और जर्नलिस्ट थे। बड़े होकर जॉर्ज क्लूनी भी पिता की तरह ही जर्नलिस्ट बनना चाहते थे, उन्होंने जर्नलिज्म की पढ़ाई भी की। आगे चलकर जर्नलिस्ट बनने का इरादा छोड़ दिया, जॉर्ज को लगता था कि पिता से उनकी तुलना की जाएगी। इसके बाद जॉज क्लूनी ने एक्टर बनने की तरफ कदम बढ़ा दिए। साल 1978 में जॉर्ज क्लूनी ने एक मिनी टेलीविजन सीरीज 'सेंटेनियल' में एक्सट्रा आर्टिस्ट का रोल करके एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल में नजर आए। साल 1994 में 'ईआर' नाम का एक मेडिकल ड्रामा सीरियल टीवी पर रिलीज हुआ, इसमें डॉ. रॉस का कैरेक्टर जॉर्ज क्लूनी ने निभाया, इस किरदार ने उन्हें चर्चित एक्टर बना दिया। कई सालों तक वह इस शो में नजर आए। इसी शो के दौरान फिल्मों में भी नजर आने लगे। जॉर्ज क्लूनी की पहली हॉलीवुड फिल्म 'डस्क टिल डॉन' थी। 1999 में टीवी शो 'ईआर' जॉर्ज क्लूनी ने छोड़ दिया और पूरी तरह से हॉलीवुड फिल्मों पर फोकस करने लगे। जॉर्ज क्लूनी ने कई हिट हॉलीवुड फिल्मों में काम किया, जिसमें 'डस्क टिल डॉन (1996)', 'कन्फेशंस ऑफ ए डेंजरस माइंड (2002)', 'थ्री किंग्स (1999)', 'अप इन द एयर (2009)', 'गुड नाइट, एंड गुड लक (2005)', 'सीरियाना (2005)' शामिल है। सबसे ज्यादा चर्चा जॉज क्लूनी की फिल्म 'ओशियंस इलेवन' (2001) को मिली, यह फिल्म तीन भागों में बनी। इस फिल्म को हॉलीवुड में जितना सराहा गया, भारतीय दर्शकों को भी यह फिल्म खूब पसंद आई।

### टॉलीवुड

## सामंथा ने शेयर कीं दिलकश तस्वीरें, साथ में बताई फिल्म 'शुभम' की रिलीज डेट



साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने सोशल मीडिया पर अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कुछ तस्वीरें 'शुभम' फिल्म के क्रू मेंबर्स के साथ भी शेयर कीं, लेकिन फैंस के लिए सामंथा ने खास अपनी आगामी फिल्म 'शुभम' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है, जिसे लेकर एक्ट्रेस के फैंस बेहद खुश हैं। पहली तस्वीर में सामंथा व्हाइट शूट में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इस एक तस्वीर में सामंथा के लुक के साथ खास दिखाई दिया उनका ईवील आई नेकलेस। साथ ही इस तस्वीर में सामंथा के करीब एक डॉगी भी बैठा हुआ नजर आ रहा है। दूसरी तस्वीर में सामंथा कुछ सोचती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान दिखाई दे रही है। तीसरी तस्वीर में सामंथा के वेवी हेयर किसी का भी दिल जीत लेंगे। चौथी तस्वीर सूरजमुखी फूलों की है। पांचवीं तस्वीर में सामंथा प्लेन गोल्डन वर्क साड़ी में पोज देती नजर आ रही हैं।'

छठी तस्वीर सामंथा की आने वाली फिल्म 'शुभम' के क्लैप बोर्ड के प्रोडक्शन हाउस की है। सातवी तस्वीर में सामंथा हाथ में बुके लिए मुस्कुराती नजर आ रही हैं। आठवीं तस्वीर में सामंथा का एक वीडियो है, जिसमें वह सैम नाम के एक छोटे बैग में अपना मेकअप कैरी करती दिखाई दे रही हैं। नवी तस्वीर एक टोपी की है, जिसके ऊपर टीवी की खास तस्वीर दिखाई दे रही है। 10वीं तस्वीर में एक डॉगी किसी को परेशान करता दिखाई दे रहा है। 11वां एक वीडियो है, जिसमें सामंथा और एक लड़की बड़े ही ध्यान से कहीं देखती नजर आ रही हैं। 12वीं तस्वीर में सामंथा अपनी फिल्म 'शुभम' के क्रू मेंबर्स के साथ सेल्फी लेती दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा बाकी की तस्वीरें 'शुभम' टीम की हैं। सामंथा की आगामी फिल्म 'शुभम' 9 मई को रिलीज होगी। इन तस्वीरों और वीडियोज के साथ सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'यह एक लंबी यात्रा रही है, लेकिन हम यहां हैं नई शुरुआत

### भोजपुरी

## 'कन्यादान 2' का ट्रेलर रिलीज, घरेलू कहानी में कई ट्विस्ट मिलेंगे दर्शकों को



भोजपुरी फिल्म 'कन्यादान 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सुशील सिंह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में सुशील सिंह एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं जो बच्चा न होने पर दूसरी शादी करता है और फिर तीसरी शादी भी करता है लेकिन अंत बहुत ही दुखद होता है।

भोजपुरी फिल्म 'कन्यादान 2' का ट्रेलर जारी हो गया है, जिसमें लीड रोल में सुशील सिंह नजर आ रहे हैं। वे एक ऐसे शख्स की भूमिका में हैं जो बच्चा न होने पर दूसरी शादी कर लेता है और इसके बाद तीसरी शादी की भी तैयारी कर रहा होता है। फिर कहानी कुछ ऐसे घूमती है कि अपनी पहली और दूसरी पत्नी को वो पत्नी के अधिकार से मुक्त कर देते हैं और कहानी में नया मोड़ तब आता है जब अलग होने के बाद पता लगता है कि दूसरी पत्नी मां बनने वाली है। उससे एक बेटी का जन्म होता है। जब ये खुशखबरी सुशील सिंह का किरदार को मिलती है तो वह बेटी का मुंह देखना तो चाहता है लेकिन दोनों बीवियां उन्हें पिता का अधिकार नहीं देना चाहती हैं।

बेटी माही बड़ी होती है और वो अपने पिता के लिए तरसती है जिसके बाद दोनों पत्नियां उसे रोक नहीं पाती हैं। अब जब बेटी की शादी की बारी आती है तो पिता अपनी बेटी का कन्यादान धूमधाम से करना चाहता है। इसके बाद कहानी कुछ ऐसे पलटती है कि पूरा घर मातम में बदल जाता है।




नोएडा फिल्म सिटी में ड्रीम्ज प्रोडक्शन हाउस और दुबई ब्यूटी स्कूल का बहुप्रतीक्षित भारत डिज़ाइनर शो 2025 कई मायनों में अभूतपूर्व रहा। इसे भारतीय फैशन में अत्याधुनिक डिजाइन, सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मक उत्कृष्टता का एक शानदार उत्सव कहना बेहतर होगा। सेलिब्रिटी शो स्टॉपर ज़ोया अफ़रोज़ ने यहां रनवे की शोभा बढ़ाई, जिससे शो की अपील और बढ़ गई। इस शो में दर्शकों को आधुनिक क्लासिक शैलियों से लेकर भविष्य की अवधारणाओं तक, अत्याधुनिक रुझानों का शानदार दृश्य देखने को मिला।

## गर्मियां आते ही पैरों में होने लगी है टैनिंग, इन तीन घरेलू उपायों से बनाएं खूबसूरत

यदि आपके भी पैरों की स्किन गर्मियों में टैन होने लगती है, तो आपके लिए इससे बचाव के घरेलू तरीके लेकर आए हैं। जिनकी मदद से आप सनबर्न की वजह से खराब हो चुकी स्किन को सही कर सकती हैं। इन उपायों को आप कम बजट में और बिना मेहनत के ठीक कर सकती हैं। यानि आप घर पर रखी चीजों की मदद से ही अपने पैरों की त्वचा को ठीक कर सकती हैं। इन घरेलू उपायों को हमारे साथ इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट कुशाग्री व्यास ने शेयर किया है।

### बेसन और दही

यदि गर्मियों में आपके पैरों में बहुत ज्यादा टैनिंग हो गई है तो उसके लिए बेसन और दही एक बेहतरीन उपाय है। इसकी मदद से आप अपने पैरों की स्किन को निखार सकती हैं। इसके लिए आपको बेसन और दही के साथ इसमें गुलाब जल को मिक्स करके उसका एक गाढ़ा पेस्ट बना लेना है। अब आपको इस पेस्ट को अपने पैरों पर लगाएं और तब तक



लगा रहने दें। जब तक ये सूख न जाए। सूख जाने के बाद इसको मालिश करते हुए हटा दें। ऐसा आप हफ्ते में दो बार कर सकती हैं।

### शुगर पाउडर

यदि सनबर्न की वजह से आपके पैर बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं तो आपके लिए शुगर पाउडर यानि पिसी हुई चीनी बेस्ट रहेगी। चीनी हमारी स्किन से डेड सेल्स हटाने में मदद करती है। ऐसे में आप शुगर पाउडर में थोड़ा पानी या गुलाब जल मिक्स करके उससे पैरों पर स्क्रब करें। हल्के हाथों से करीब आपको 5 से 10 मिनट तक मसाज करनी है। इसके बाद आप इसे पानी से वॉश कर लें। यह प्रक्रिया आप हफ्ते में एक बार दोहराएं।

### कॉफी पाउडर

पैरों की टैनिंग दूर करने के लिए कॉफी पाउडर भी आपकी मदद कर सकता है। कॉफी में पाए जाने वाले एक्सफोलिएटिंग गुण सनबर्न से झुलस चुकी त्वचा को ठीक करता है। इसके लिए आपको एक कटोरी में कॉफी पाउडर लेना है। उसमें आप थोड़ा दूध और एलोवेरा जेल मिक्स करें। अब इसमें पानी मिक्स करके एक गाढ़ा पेस्ट बना लें और इसको अपने पैरों पर अप्लाई करें। सूख जाने के बाद इसे वॉश कर लें।

## छोटे हाइट वाली लड़कियों को अट्रैक्टिव लुक देंगे खास डिजाइनर सूट





छोटे हाइट वाली महिलाएं अक्सर इस बात को लेकर चिंतित रहती हैं, कि आखिर ऐसा क्या पहना जाए कि लुक अट्रैक्टिव नजर आए। कम हाइट वाले लोगों को अपना लुक क्रिएट करने में काफी परेशानी आती है। आखिर ऐसा क्या पहना जाए जो कि उनकी पर्सनालिटी पर सूट करें। वहीं बात अगर इंडियन लुक की हो, तो फिर तो और भी ज्यादा सोचना पड़ता है। अगर छोटी हाइट वाली लड़कियां अपने लुक को ग्लैमरस बनाना चाहती हैं, तो आपको कपड़े के डिजाइन को लेकर उसके रंग और पैटर्न सभी पर ध्यान देना पड़ता है। तब जाकर वह ऑउटफिट आपके लुक को ग्रेसफुल बनाएगा।

अगर आपकी भी हाइट कम है और आप अपने लुक को खूबसूरत बनाने का सोच रही हैं, तो आज हम आपको कुछ डिफरेंट डिजाइन वाले सूट लुक्स दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप इंस्पिरेशन लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं। ऐसे में आप जब भी कभी सलवार-सूट लेने जाएं तो नीचे बताए गए इन टिप्स को जरूर फॉलो करें। ताकि आपका लुक आकर्षक दिखने के साथ कॉन्फिडेंस से भरा रहे।

### वर्टिकल प्रिंट सूट चुनें

अगर आपकी हाइट छोटी है तो आपको हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स की जगह वर्टिकल प्रिंट कुर्ती को सलेक्ट कर सकती हैं। ऐसी कुर्तियां कैरी करने के बाद आपकी हाइट लंबी नजर आती है। साथ ही, इस प्रिंट की कुर्तियां काफी स्टाइलिश लुक भी देती हैं। इनको आप किसी फंक्शन में भी कैरी करके जा सकती हैं। इसमें आपको हर स्टाइल की कुर्ती मिल जाएंगी। यह आपको ऑनलाइन 300 से लेकर 1000 रुपये तक की कीमत में मिल जाएंगी।

### स्मॉल प्रिंट सूट लगेंगे बेस्ट

जिन लड़कियों की हाइट कम होती है उन्हें हमेशा स्मॉल प्रिंटेड वाले सलवार-सूट का चयन करना चाहिए। ऐसे सूट कैरी करने के बाद उनके लुक में काफी ग्रेसफुल नजर आता है। ऐसे सूट पहनने के बाद हाइट थोड़ी ज्यादा नजर आती है। ऐसे में यदि आपको अपना लुक अट्रैक्टिव बनाना है तो स्मॉल प्रिंट वाले सूट ज्यादा खरीदें। यह सूट आपको 500 से 800 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।

## मिनटों में पाएं बड़ी और खूबसूरत आंखें, आसान तरीके से अप्लाई करें आईलाइनर

मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन जब भी आई लाइनर अप्लाई करने की बात आती है, तो हम अलग-अलग ट्रिक्स को ट्राई करते हैं। छोटी आंखों को बड़ा दिखाने के लिए भी आप कुछ आसान तरीकों के बारे में जानें। मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए कई सारे लोग ऑनलाइन वीडियो देखकर अपने मेकअप को फ्लॉलेस तरीके से करते हैं। वहीं कुछ लोग पार्लर जाकर मेकअप करवाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लुक खराब नहीं होना चाहिए। लेकिन जब आई लाइनर लगवाने की बात आती है, तो हमें अक्सर दिक्कत होती है। कई बार तो लाइनर लगाते समय ही फैल जाता है। कई बार मोटा लग जाता है, तो इससे आंखे छोटी लगने लगती है। ऐसे में आप कुछ आसान तरीके से काजल को लगाएं, ताकि आपकी आंखें बड़ी नजर आए।

### छोटी आंखों पर लगाएं आईलाइनर

आपकी आंखें छोटी होती है। इसलिए ज्यादातर लोग अपनी आंखों पर काजल लगाना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। लेकिन



आप चाहें तो लाइनर को भी अपनी आंखों पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे आपकी आंखे बड़ी नजर आएंगी। बस आपको कुछ आसान तरीके को ट्राई करना है। इससे आपको लाइनर लगाना भी सही तरीके से आ जाएगा।

### लिक्विड आईलाइनर करें इस्तेमाल

कई बार हम पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन आंखें अगर छोटी हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड आईलाइनर का इस्तेमाल करें। इसमें कलर ज्यादा डार्क आता है। ऐसे में जब यह आईलाइनर आंखों पर लगता है, तो आंखे बोल्ड नजर आएंगी। आई लाइनर को लगाने के लिए पहले आप छोटे-छोटे डॉट को आंखों पर बनाएं। इसके बाद

## ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ खूब जचेंगे चोकर नेकलेस

अगर आप भी अपने ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ पहनने के लिए नेकलेस सेट तलाश रही हैं, तो खूबसूरत चोकर डिजाइन नेकलेस आपके लिए बेस्ट हो सकते हैं।

### खूबसूरत कुंदन स्टड नेकलेस सेट

अगर आप अपने घर के फंक्शन में लहंगा पहनने वाली है, तो अब आप अपने लहंगे लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने के लिए इस खूबसूरत कुंदन स्टड नेकलेस सेट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस नेकलेस को आप ऑनलाइन खरीद सकती है या फिर अपने नजदीकी दुकान पर ऑर्डर देकर मंगवा सकती हैं।

### खूबसूरत ब्लैक स्टोन गोल्ड प्लेटेड चोकर नेकलेस

शादी वाले घर में अगर आप भीड़ से हटकर दिखाना चाहती हैं और सभी मेहमानों को खुश करना चाहती हैं, तो अपने आउटफिट के साथ इस खूबसूरत



ब्लैक स्टोन गोल्ड प्लेटेड चोकर नेकलेस डिजाइन को भी ट्राई कर सकती हैं। इस नेकलेस को पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। आपको यह नेकलेस ऑनलाइन मिल जाएगा।

### कार्नर न्यूज

**दोस्त या भाई के इस्तेमाल किए फैशनेबल आइटम्स से दूर रहें तो बेहतर**

## दूसरों के इन फैशनेबल आइटम्स को नहीं करना चाहिए इस्तेमाल, इसके पीछे की वजह भी जानिए

अपने दोस्त या भाई के फैशनेबल आइटम्स को पसंद करना चाहिए। यह अच्छी आदत है। मगर उनकी चीजों को पसंद करने का मतलब यह नहीं कि आप उन्हें हथिया लें। कई लोगों को जैसे ही किसी दूसरे की चीजें पसंद आती हैं, उसे लेकर पहन लेते हैं। जबकि ये सबसे बुरी आदत है।

यह आदत स्वास्थ्य के हिसाब से भी हानिकारक साबित हो सकती है। इसलिए आज हम उन चीजों के बारे में बात करेंगे जो भूलकर भी इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। जबकि हम लोग इन चीजों को बिना सोचे समझे एक झटके में पहन लेते हैं। ऐसा करने वाले भी काफी लोग हैं।

### क्यों उपयोग नहीं करना चाहिए?

पहली बात यह है कि यह अच्छी आदत नहीं। हमें कभी भी ऐसा नहीं करना चाहिए। दूसरी बात है स्वास्थ्य संबंधित। जी हां, इन चीजों के उपयोग से आपको संक्रमण हो सकता है। हालांकि आपको यह बात मजाक लगे लेकिन ऐसा करना



स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। चलिए अब हम उन चीजों के बारे में जान लेते हैं-

### चश्मा / सनग्लास

वायरस और बैक्टीरिया दोनों से ही आंखों में संक्रमण होते हैं। कंजक्टिवाइटिस, आंखों का लाल होना, आंखों में खुजली आदि संक्रमण आंखों में होते हैं। ये संक्रमण बहुत तेजी से फैल सकते हैं। इसलिए आंखों के बचाव के लिए हम चश्मा पहनते हैं।

मगर कई लोगों के चश्मे बहुत पसंद आते हैं। जैसे ही हम देखते हैं उस पर दिल आ जाता है। इसलिए उनके चश्मे / सनग्लास को आजमाने लगते हैं। मगर हमें कभी भी किसी दूसरे शख्स का चश्मा / सनग्लास नहीं पहनना चाहिए। अगर आपको आजमाना भी है तो इसके लिए दुकान चले जाएं। वहां से अपने लिए नया चश्मा लेकर आ जाएं।

### टोपी / कैप

सिर में होने वाले संक्रमण से अगर आप अवगत नहीं हैं तो हो जाएं। क्योंकि यहां से भी संक्रमण फैल सकता है। इसके लिए आपको अपनी आदत सुधारनी होगी। हम कई बार



किसी दूसरे की टोपी / कैप को पहन लेते हैं।

अगर आप किसी दूसरे की टोपी / कैप पहनते हैं तो इससे इंफेक्शन हो सकता है। खासकर सिर में सबसे अधिक होने वाली समस्या डैंड्रफ भी आपके सिर में हो सकती है। इसलिए अपने लिए नई टोपी खरीद लें क्योंकि ये काफी सस्ती होती हैं।

### फैशनेबल मास्क

कोरोना काल में मास्क हमारे वार्डरोब का अहम हिस्सा हो चुका है। यह आने वाले कितने समय तक हमारे साथ रहेगा किसी को नहीं पता है। खैर हमें इसका पता नहीं लेकिन यह बात जान लें कि कभी भी किसी दूसरे शख्स का मास्क इस्तेमाल न करें।

घर में कई बार किसी दूसरे का रियूजेबल मास्क पसंद आने पर या अन्य किसी कारणवश हम इसे यूज कर लेते हैं। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सबसे खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए आप भूलकर भी किसी दूसरे का मास्क उपयोग न करें।